卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 317 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦29 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

बृजभूषण को राहत नहीं

महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने की सुनवाई

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बृजभूषण से पूछा कि आरोप तय करने के आदेश के साथ कार्यवाही को चुनौती देने के लिए एक ही याचिका क्यों दायर की? हाईकोर्ट ने कई महिला पहलवानों द्वारा दर्ज यौन उत्पीड़न मामले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और आरोप रद करने की मांग वाली दलीलों पर नोट दाखिल करने के लिए समय दिया। भाजपा नेता और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की

याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को प्रथम दृष्टया आपत्ति जताई। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा कि बृजभूषण सिंह की याचिका उनके खिलाफ मुकदमा शुरू होने के बाद मामले को पूरी तरह से रद करने की एक परोक्ष याचिका प्रतीत होती है। अदालत ने बृजभूषण शरण सिंह से पूछा कि उन्होंने अपने खिलाफ आरोप तय करने के आदेश के साथ-साथ कार्यवाही को चुनौती देने के लिए एक ही याचिका क्यों दायर की है। हालांकि, कोर्ट ने भाजपा पूर्व सांसद के वकील से दो सप्ताह में एक संक्षिप्त नोट तैयार करने को कहा। मामले में अगली सुनवाई 26 सितंबर को होगी। बता दें दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की अगुवाई वाली पीठ वर्तमान में पूर्व डब्ल्यूएफआई

सिडकुल में ट्राले की टक्कर से युवक कीदर्दनाक मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल क्षेत्र में अपने चचेरे भाई के साथ पैदल जा रहे युवक को तेज गति से जा रहे ट्राला चालक ने पीछे से रौंद दिया। जिससे

युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर युवक को चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही ट्राला चालक को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार हाफिजगंज बरेली निवासी विनोद पुत्र रामकुमार यहां सिडकुल की एक कम्पनी में काम करता था। बताया जाता है कि बृहस्पतिवार प्रात: वह अपने चचेरे भाई ललित के साथ सिडकुल क्षेत्र में पैदल काम से जा रहा था । इसी दौरान पीछे की ओर से तेज गति से आते ट्राला के चालक ने विनोद को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे विनोद गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले (शेष पृष्ठ सात पर)

शिकायत करने जाते युवकों को नशेड़ियों ने कोतवाली के पास पीटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दुकान के पास नशा करने से मना करने पर नशेड़ियों ने दुकानदार को जान से मारने की धमकी दे दी। जब दुकानदार अपने साथी के साथ इसकी शिकायत करने कोतवाली जा रहा था तो नशेड़ियों ने उसे कोतवाली के बाहर ही रोक लिया और उससे व उसके साथी को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राधेश्याम पुत्र स्व. फतेह बहादुर निवासी ग्राम बागवाला, कोलडिया ने कहा है कि उसकी ग्राम बागवाला में आर. एस. इण्टरप्रईजेज के नाम से आटा चक्की व सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान है। 26 अगस्त को वह अपनी दुकान पर ग्राम के ही निवासी अमित यादव पुत्र स्व. राम स्वरूप यादव के साथ था रात्रि सवा आठ बजे बैठा हुआ था। सूरज साहनी पुत्र विक्रम साहनी, ऋतिक कुमार पुत्र बृजेश कुमार निवासी कीरतपुर, विपिन कुमार उर्फ विक्की पुत्र सुरेन्द्र कुमार, सचिन कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार, नितिन कुमार पुत्र शिव कुमार, नकुल पुत्र जगदीश निवासी ग्राम बागवाला कोलडिया उसकी दुकान के पास खेत में नशा कर रहे थे और आपस में गाली गलोज कर रहे थे। जिस पर उसने उनसे यहां पर गाली गलोज न करने को कहा तो उन्होंने धमकी दी की चुप हो जाओ और अपना काम करों नही तो हम जान से मार (शेष पृष्ठ सात पर)

कैंटर और कार की जोरदार भिड़ंत में दो गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय में हादसों का क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहा है। गत रात्रि किच्छा मार्ग पर किच्छा से रूद्रपुर को आ रही कार पीछे से केंटर की टक्कर के बाद आगे जा रहे अन्य वाहन से जा भिड़ी। इस दुर्घटना में कारकार चालक को उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले जाया गया। घटना के पश्चात मौके पर जाम लग जाने से वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां खड़े लोगों से घटना की विस्तार से जानकारी ली और मामूली रूप से घायल केंटर चालक को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया। साथ ही यातायात सुचारू करवाया। जानकारी के अनुसार गत रात्रि किच्छा की ओर से कार संख्या यूके 06 एबी 2175 रूद्रपुर की ओर आ रही थी। बताया जाता है कि कार जब यहां बगवाड़ा के पास पहुंची तो पीछे से तेज गति से आ रहे केंटर संख्या यूके 01 सीए 0353 के चालक ग्राम मोनकोट बागेश्वर निवासी नवीन चौबे पुत्र गिरीश चन्द्र ने कार को पीछे से जोर से टक्कर मार दी। जिसके बाद कार झटके के साथ आगे जा रहे अन्य वाहन के पीछे से जा भिड़ी। अचानक हुई इस दुर्घटना में दोनों बढ़े वाहनों के बीच में फंसकर कार के परखच्चे उड़ गये और कार चालक शारदा कालोनी ग्राम डिबडिबा निवासी उदयवीर सिंह पुत्र निर्मल सिंह गंभीर रूपए से घायल हो गया। आस पास खड़े लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार चालक को गंभीर हालत में बाहर निकाल कर उपचार के लिए निजी चिकित्सालय पहुंचाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। इधर घटना के बाद मौके पर जाम लग गया। मुख्य (शेष पृष्ठ सात पर)

बाइक सवारों ने महिला के गले से झपटी चेन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।शहर में चेन स्नैचिंग की घटनाएं फिर होने लगी हैं। रात में खाना खा कर घूमने निकली एक बुजुर्ग महिला के गले से बाइक सवारों ने सोने का मंगलसूत्र झपट लिया। महिला की ओर से मुखानी थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस ने चेन स्नैचरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। मुखानी थाना क्षेत्रान्तर्गत दयाल विहार निवासी रमा जोशी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बीती रात खाना खाने के बाद घूमने निकली थी। इसी दौरान बाइक सवार युवकों ने उसके गले से सोने का मंगलसूत्र झपट लिया और वहां से फरार हो गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत मुखानी पुलिस में की है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज भी खगाले। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
-संपर्क करें-
8433432291

महाराणा प्रताप चौक के निकट कूड़ा डंपिंग का विरोध

किच्छा(उद संवाददाता)। हल्द्वानी रोड महाराणा चौक के निकट हनुमान मंदिर एवं मेटाडोर स्टैंड के पास पालिका कर्मचारियों द्वारा कूड़ा डंपिंग किए जाने को लेकर व्यापारियों ने विरोध जताया है । व्यापारियों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से भेंट कर डंपिंग जोन हटाए जाने की मांग की है। ऐसा न किए जाने पर कूड़ा डंपिंग जोन पर धरना देने की चेतावनी दी है । निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा ने बताया कि नगर पालिका द्वारा हनुमान मंदिर के पास कूड़ा एकत्रित कर डंपिंग जोन बना दिया गया है जिस वजह से वहां पर शहर की सुंदरता एवं व्यापारियों का व्यापार भी खत्म हो गया है। उसके विरोध में नगर पालिका में मीटिंग की गई और शाम को वहां पर व्यापार मंडल द्वारा जगह की सफाई की जाएगी तथा तथा व्यापारियों के साथ बैठकर सांकेतिक धरना भी दिया जाएगा और नगर पालिका प्रशासन से मांग की जाएगी की उक्त स्थान को व्यापारियों के हित में देखते हुए कूड़ा मुक्त स्थान घोषित किया जाए।पालिका के अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह (शेष पृष्ठ सात पर)

मोहन पाण्डे ट्रांजिट कैम्प के नये थानाध्यक्ष

एक निरीक्षक और छह उपनिरीक्षकों के तबादले

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी ने कानून व्यवस्था में एक बार फिर फेरबल करते हुए एक निरीक्षक और छह दरोगाओं का स्थानांतरण किया है। जानकारी के अनुसार एसएसपी ने पुलिस लाईन में तैनात निरीक्षक मोहन पाण्डेय को ट्रांजिट कैम्प का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं पंतनगर थाने से हटाकर उपनिरीक्षक केसी आर्या को प्रभारी चौकी धर्ममपुर जसपुर बनाया गया है। चौकी प्रभारी धर्मपुर चंदन सिंह बिष्ट को प्रभारी चौकी कुण्डेश्वरी, रूद्रपुर कोतवाली से उपनिरीक्षक दीपक जोशी को प्रभारी चौकी प्रतापपुर, उपनिरीक्षक अशोक को प्रतापपुर चौकी से थाना पंतनगर, उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद को कुण्डेश्वरी चौकी से कोतवाली किच्छा, एवं उपनिरीक्षक विजय कुमार को कोतवाली किच्छा से थाना ट्रांजिट कैम्प स्थानांतरित किया गया है।

दोस्त ने लेन देन को लेकर की थी शशांक की हत्या

चौबीस घंटे के भीतर पुलिस ने किया घटना का खुलासा, दो गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। हत्या के मामले का पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो शातिर हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि 26 अगस्त को डायल 112 के माध्यम से थाना आई0टी0आई0 को सूचना प्राप्त हुयी कि खडकपुर देवीपुरा शमशान घाट न्यू प्लोटिंग के पास एक सफेद रंग की कार संख्या यूके 06वाई 5214 लावारिस अवस्था मे खडी है और उसके पास एक व्यक्ति का शव पडा है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना आई0टी0आई0 मय पुलिस बल के मौके पर पहुचे । मौके पर एक कार में लॉक लगा था।कार के पास ही खाली प्लाट जिस मे पानी भरा था मे एक व्यक्ति का शव पडा था मृतक के शव को पानी से बाहर निकाला गया जिस की शिनाखत परिजनो द्वारा 32 वर्षीय शशांक डोभाल पुत्र कृष्ण कुमार निवासी आवास विकास बस्ती वार्ड नंबर 4 काशीपुर के रूप में की गयी। मामले में 27 अगस्त को मृतक के पिता कृष्ण कुमार डोभाल पुत्र जीत राम डोभाल ने अपने पुत्र शंशाक डोबाल की अज्ञात लोगों द्वारा हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी गसी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि मौके पर बरामद कार राकेश कुमार सक्सैना पुत्र रघुनन्दन प्रसाद निवासी गली नं0-8 सुभाषनगर थाना काशीपुर के नाम पर पंजीकृत थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने पता लगाया कि उक्त कार को घटना वाले दिन कार स्वामी राकेश कुमार सक्सैना का पुत्र शिखर सक्सैना चला रहा था जो घटना के बाद से अपने पडोस मे रहने वाले अपने दोस्त दीपक यादव पुत्र बाबूराम यादव के साथ फरार है। जिस पर दोनो की भूमिका सदिग्ध पाई गई। दोनों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने गुरूवार को शिखर सक्सैना पुत्र राकेश कुमार सक्सैना एवं दीपक यादव पुत्र बाबूराम यादव निवासी गली नं0- 5 सुभाषनगर काशीपुर को केवीआर हाईवे फ्लाई ओवर के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि मृतक शंशाक डोभाल अभियुक्त शिखर सक्सैना का बचपन का दोस्त है और नशा करने का आदी है ।25 अगस्त की शाम के समय लगभग 7 से 7.30 बजे शिखर सक्सेना ने अपने पिता से उनकी गाडी होण्डा ब्रियो कार मांगी और नशा करने के लिए मृतक (शेष पृष्ठ सात पर)

सरकार गिराने की साजिश के बयान से सियासी उबाल

पूर्व सीएम निशंक ने पूछा: निर्दलीय विधायक ने किस आधार पर कही बात ?

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में सरकार गिराने की साजिश रचने के बयान को लेकर सियासी गलियारों में चर्चायें तेज हो रही है। विधायक के इस बयान को लेकर जहां सियासत गरमा गई है तो वहीं विधायक पर भी सवाल उठने लगे हैं। इसको लेकर अब पूर्व सीएम निशंक का बयान सामने आया है। जिसके बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या इस मामले में सरकार जांच कराएगी ? भराड़ीसैंण विधानसभा में 500 करोड़ से प्रदेश की भाजपा सरकार को गिराने के निर्दलीय विधायक उमेश कुमार के बयान से प्रदेश की सियासत गरमा उठी है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने सरकार गिराने की साजिश वाले बयान को बेहद गंभीर बताया है। उनका कहना है कि इस मामले की हर हाल में जांच होनी चाहिए। सोशल मीडिया पर निशंक की प्रतिक्रिया खूब वायरल हो रही है। इस मामले में विपक्ष ने उमेश कुमार पर तंज किया है कि धामी सरकार के गिराने की साजिश को लेकर उमेश कुमार क्यों परेशान हैं। डॉ. निशंक का कहना है कि विधानसभा का सदन कोई नुक्कड़ नहीं कि वहां बिना प्रमाणिकता के कोई भी बात कह दी जाए। सदन की गरिमा है और यदि यह बात कही है तो इसमें सत्यता होगी। इसलिए इसकी गंभीरता को समझना चाहिए। प्रदेश की जनता को यह जानने का अधिकार है कि आखिर सरकार गिराने की साजिश के पीछे कौन है? यह बात कहां से आई, क्यों और आई? लोकतंत्र के लिए इससे खतरनाक बात कोई और नहीं हो सकती है कि एक चुनी सरकार को गिराने की कोशिश हो रही है। इसका खुलासा होना चाहिए। चूंकि यह बयान सदन में दिया गया है तो विधानसभा अध्यक्ष को भी इसका संज्ञान लेना चाहिए। गौरतलब है कि मानसून सत्र में निर्दलीय विधायक ने 500 करोड़ रुपए से उत्तराखंड की सरकार गिराने की साजिश की बात कही थी। जिसके बाद से इसको लेकर चर्चाओं के बाजार गर्म हैं।

कई चेहरे बेनकाब हो जाएंगे !

देहरादून। निर्दलीय विधायक उमेश कुमार ने फेसबुक पर लिखा कि 500 करोड़ में सरकार गिराने की साजिश के सूत्र के बारे में पूछ रहे हो तो सुनो...तुम क्या चाह रहे हो? सूत्र की हत्या हो जाए? मैं तो दावे के साथ इस बात को कह रहा हूं कि सरकार इसकी जांच कराएगी तो कई चेहरे बेनकाब हो जाएंगे। जिस सवाल को लेकर आपके मन में कुलबुलाहट हो रही है कि उमेश कुमार को सपना आया? उमेश कुमार को कैसे पता? तो आपको बता दूं कि मैंने बहुत जिम्मेदारी से इस सवाल को उठाया है।

इस पर पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक का बयान भी सामने आया है। उनका कहना है कि विधानसभा में हर बात गंभीरता से होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि अगर निर्दलीय विधायक ने आरोप लगाए हैं को आरोप सिद्ध भी होने चाहिए। पूर्व सीएम निशंक के इस बयान के सामने आते ही मामला और भी गंभीर होता जा रहा है। क्योंकि अमूमन निशंक का बयान गंभीर मसलों पर ही देखा जाता है। दिल्ली दौड़ के दौरान सियासी गलियारों में सरकार बदलने की चर्चाओं ने भी जोर पकड़ा था। इसके ठीक बाद सत्र के दौरान विधायक उमेश कुमार का ये कहना कि सरकार गिराने की तैयारी की जा रही थी। ऐसे में कई सवाल उठने लगे हैं कि आखिर सरकार बदलने की चर्चाएं कहां से शुरु हुई ? विधायक किस आधार पर ये सब बातें कह रहे हैं। जिसका सबूत निशंक भी मांग रहे हैं। पूर्व सीएम के बयान के बाद अब इस बात को लेकर सवाल उठने लगे हैं कि क्या उत्तराखंड में 500 करोड़ से सरकार गिराने की कोशिश की जांच कराई जाएगी। पूर्व सीएम निशंक उत्तराखंड बीजेपी के दिग्गज चेहरों में से एक हैं इसके साथ ही संगठन में भी उनका कद काफी बड़ा है। क्या ऐसे में उनकी मांग पर इस मामले की जांच कराई जाएगी? हालांकि निर्दलीय विधायक के बड़बोले बयान को लेकर धामी सरकार ने मौन साध ा हुआ है। उत्तराखंड में सरकार को अस्थिर करने के प्रयासों को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सीएम हरीश रावत ने भी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त कर जांच की मांग की है। जबकि सत्र के दौरान दिए बयान के बाद अब भाजपा में भीतरखाने बगावत की ज्वाला भड़काने वाले विधायक के खिलाफ सवाल उठाये जा रहे है। क्योंकि गुप्ता बंधुओं की आड़ में बिना विधायकों की बगावत और मैनेजमैंट के सरकार गिराने का कारनामा करना मुमकिन नहीं है। ऐसे में भाजपा के भीतर ऐसे कौन लोग हो सकते हैं जो धामी सरकार में अस्थिरता पैदा कर सकते है। बहरहाल निर्दलीय विधायक के बयान की जांच को लेकर सबकी निगाहे टिकी हुई है। माना जा रहा है कि विधायक अब अगर सच्चाई उजागर नहीं कर पाते हैं तो यह खोखले बयानों के सहारे कही नहीं उनकी सुर्खियों में छाये रहने की लत भी हो सकती है।

पाखरो रेंज घोटाले में ईडी ने हरक को फिर पूछताछ के लिए भेजा नोटिस

देहरादून। पाखरो रेंज घोटाले के मामले में प्रदेश के पूर्व वन एंव पर्यावरण मंत्री हरक सिंह रावत को अब ईडी ने पेश होने के लिए नोटिस भेजा है। उन्हें सोमवार को पेश होकर अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है। इसी मामले में गत 14 अगस्त को सीबीआई भी रावत से पूछताछ कर चुकी है। उन्होंने इससे संबंधित कई गोपनीय दस्तावेज भी सीबीआई को उपलब्ध कराए थे। गौरतलब है कि पाखरो रेंज घोटाले के मामले में वर्ष 2022 में विजिलेंस के हल्द्वानी सेक्टर में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में तत्कालीन कुछ अधिकारियों (जिनमें पूर्व डीएफओ किशनचंद भी शामिल थे) को गिरफ्तार भी किया गया था। इसके बाद विजिलेंस ने पिछले साल अगस्त में विजिलेंस ने हरक सिंह रावत और उनके परिचितों के संस्थानों पर छापे मारे थे। बताया गया था कि यहां एक पेट्रोल पंप पर सरकारी जनरेटर बरामद हुआ था। हालांकि, जांच अभी और आगे बढ़ती इससे पहले ही हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई को जांच सौंप दी गई। विजिलेंस ने इस केस से जुड़े सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिए। इसी बीच ईडी ने भी इसका संज्ञान ले लिया। गत फरवरी 2024 में ईडी ने भी हरक सिंह रावत के घर और इससे जुड़े कुछ अधिकारियों के घरों पर छापे मारे थे। हरक सिंह के यहां से कुछ भी बरामद होने की सूचना नहीं थी। जबकि, एक अधिकारी के घर से कैश व अन्य सामान बरामद हुआ था। ईडी ने बारी-बारी से सभी अधिकारियों और नेताओं से पूछताछ की थी। ईडी के सूत्रों के अनुसार अब ईडी ने हरक सिंह रावत को फिर से नोटिस भेजकर सोमवार को पेश होने के लिए कहा है।

तीन जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट

देहरादून। देहरादून समेत राज्य के तीन जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, अन्य जिलों में भी कहीं-कहीं बारिश के तीव्र दौर होने की संभावना जताई गई है। जबकि चार जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून, उत्तरकाशी और बागेश्वर जिलों में बृहस्पतिवार को भारी बारिश की संभावना जताई गई है। येलो अलर्ट के तहत तीनों जनपदों में बारिश के तीव्र दौर होने के साथ ही गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने का अनुमान व्यक्त किया गया है। इसके अलावा चमोली, अल्मोड़ा, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिलों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश के आसार बने हुए हैं। वहीं, आने वाले कुछ दिनों तक अलग-अलग हिस्सों में कहीं भारी तो कहीं मध्यम बारिश की संभावना रहेगी।

अनधिकृत तौर पर चल रहे क्लाउड किचन ऑपरेटरों पर शिकंजा,पंजीकरण अनिवार्य

देहरादून(उद संवाददाता)। खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन ने प्रदेश भर में अनधिकृत तौर पर चल रहे क्लाउड किचन ऑपरेटरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसके तहत अब क्लाउड किचन के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण से पंजीकरण अनिवार्य होगा। खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन ने सभी ऑपरेटरों को चेतावनी दी है कि 15 सितम्बर तक भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के तहत पंजीकरण करा लें, इसके बाद विभाग पंजीकरण न कराने वाले आपरेटरों के खिलाफ अभियान चलाएगा। खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन आयुक्त व स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार ने कहा कि संज्ञान में आया है कि प्रदेश में संचालित कई क्लाउड किचन खाद्य सुरक्षा और मानकों की अनदेखी कर रहे है। उन्होंने बताया कि कई प्रतिष्ठान भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण में पंजीकृत हुए बिना, स्वच्छता, पीने योग्य पानी के उपयोग और सामान्य स्वच्छता मानकों से सम्बन्धित प्रमुख नियमों का उल्लघंन करते हुए संचालित पाये गये हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए पंजीकरण और मानको का अनुपालन सुनिश्चित करने की कवायद की जा रही है। ताकि उपभोक्ताओं को स्वच्छ भोजन मिल सकें। गौरतलब है कि क्लाउड किचन ऐसे वाणिज्यिक भोजनालय हैं, जहां कोई भी ग्राहक भोजन के लिए नहीं जाता है और खाना टेकआउट या डिलीवरी के लिए ही किया जाता है। देहरादून समेत प्रमुख नगरों और कस्बों में यह व्यवसाय तेजी से फैल रहा है। यह देखा गया है कि वाणिज्यिक रसोई में स्वच्छता मानकों और भोजन की गुणवत्ता पर अक्सर सवाल उठते है। विभाग अब ऐसे क्लाउड किचन ऑपरेटरों पर नजर रखेगा।खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन के अपर आयुक्त ताजबर जग्गी ने बताया कि उत्तराखण्ड में सभी खाद्य सम्बन्धी व्यवसाय, सार्वजनिक स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए सभी क्लाउड किचन के लिए एसओपी बनाई गयी है और इसका अनुपालन करना अनिवार्य है।

महिला कांग्रेस ने रूद्रपुर में पुलिसकर्मियों के दुर्व्यवहार के खिलाफ किया पुतला दहन

देहरादून(उद संवाददाता)। रुद्रपुर में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला पर पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने पर महिला कांग्रेस की कार्यकत्रियों ने राजधानी देहरादून में पुलिस-प्रशासन का पुतला दहन कर जोरदार नारेबाजी की। मंगलवार को रूद्रपुर में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन किया था। इस दौरान पुलिस द्वारा उन्हें रोका गया था। महिला कांग्रेस ने उनके साथ दुर्व्यवहार किए जाने के आरोप लगाए हैं। जिसके विरोध में आज महिला कांग्रेस ने राजधानी देहरादून में प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल ने कहा कि जिस उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। वहां पर महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं और भाजपा की डबल इंजन सरकार ने महिला सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। इसके साथ ही

उन्होंने कहा कि ज्योति रौतेला के साथ रुद्रपुर में पुरुष पुलिसकर्मियों ने जो बर्बरता की है वो निंदनीय है। वहां महिला पुलिसकर्मी देर में पहुंची और अगर मुख्यमंत्री द्वारा उन पुलिसकर्मियों को बर्खास्त नहीं किया गया तो महिला कांग्रेस पूरे उत्तराखंड में सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में पूरे समाज में गंध फैल गई है। बलात्कार की घटना आए दिन सामने आ रही हैं। सरकार और महिला आयोग पूरी तरह से मौन है। महिला आयोग की अध्यक्ष भी कहीं भी पीड़ितों से मिलने नहीं पहुंचती। लेकिन जिस तरह से महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला पर पुरुष पुलिस कर्मियों द्वारा उन्हें डंडों से रोका गया और उनके साथ आपत्तिजनक व्यवहार किया गया ये घोर निंदनीय है।

हाई कोर्ट ने बनभूलपुरा में हुई हिंसा के मामले में 50 आरोपियों को दी जमानत

नैनीताल। उत्तराखंड के हल्द्वानी में बहुचर्चित वनभूलपुरा में अवैध मदरसे और मलिक का बगीचा की भूमि से अतिक्रमण हटाने के दौरान हुए उपद्रव्य की घटना में शामिल कई आरोपियों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। नैनीताल हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई हिंसा के मामले में 50 आरोपियों को जमानत दे दी है, जिनमें 6 महिलाएं भी शामिल हैं। कोर्ट ने शनिवार को हुई सुनवाई के दौरान फैसला सुरक्षित रख लिया था। नैनीताल हाईकोर्ट ने हल्द्वानी हिंसा मामले के 50 आरोपियों की डिफॉल्ट जमानत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई की। सुनवाई के बाद उन्हें डिफॉल्ट जमानत दे दी गई है। बीते शनिवार को वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया था। निर्णय में कोर्ट ने निचली अदालत के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें पुलिस द्वारा 90 दिन बीत जाने के बाद भी आरोप पत्र पेश नहीं किया गया और आरोप पत्र पेश करने के लिए और समय दिया गया। हिंसा के आरोपी मुजम्मिल सहित 49 अन्य आरोपियों ने उच्च न्यायलय में डिफॉल्ट जमानत प्रार्थनापत्र पेश कर डिफॉल्ट बेल खारिज कर दी। दूसरी ओर सरकारी पक्ष की ओर से कहा गया कि पुलिस के पास पर्याप्त आधार और कारण हैं। साथ ही अदालत के पास रिमांड बढ़ाने का अधिकार है। नियमानुसार ही आरोपियों की रिमांड

कहा था कि पुलिस ने उनके खिलाफ 90 दिन के अंदर आरोप पत्र दाखिल नहीं किया है और ना ही रिमांड बढ़ाने के लिये कोई स्पष्ट कारण बताया। कोर्ट ने उनकी रिमांड बढ़ा दी और उनकी बढ़ाई गई है। सुनवाई पर आरोपियों की ओर से कहा गया कि जो समय बढ़ाया गया है यह संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। पुलिस बिना किसी कारण के चाहे उनके ऊपर कितने बड़े आरोप क्यों ना लगाए, उन्हें जेल में बंद नहीं रख सकती। अभी तक आरोपपत्र पेश नहीं हुआ, इसलिए उनका अधिकार है कि उनको जमानत पर रिहा किया जाए। बता दें कि, इसी साल आठ फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में अतिक्रमण हटाने के दौरान प्रशासन और पुलिस की टीम पर पथराव, आगजनी और गोलीबारी का हमला हुआ था। हिंसा के दौरान उपद्रवियों ने गाड़ियों और थाने को आग के हवाले कर दिया गया था, जिससे कई लोगों की जान गई और 100 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए थे। 8 फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में एक अवैध रूप से निर्मित मदरसे के विध्वंस पर हिंसा भड़क गई, जिसमें स्थानीय लोगों ने नगर निगम कर्मचारियों और पुलिस पर पत्थर और पेट्रोल बम फेंके। इससे कई पुलिस कर्मियों को पुलिस स्टेशन में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसके बाद भीड़ भड़क गई। इस हिंसा में छह दंगाई भी मारे गए।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी से कृषि मंत्री गणेश जोशी ने की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी से शिष्टाचार भेंट की। कृषि मंत्री ने उन्हें एक बार फिर से केंद्रीय मंत्री का दायित्व मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने उत्तराखण्ड की परंपरागत मण्डुवा फसल के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अन्य मिलेट फसलें कौणी, चीना, कोदो, कुटकी को भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत अन्त:ग्रहण किए जाने के लिए तीन वर्ष तक अनुमति प्रदान करने के लिए

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी का प्रदेशवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय मंत्री को चार धाम यात्रा का भी आमंत्रण भी दिया। इस दौरान कई कई समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मीडिया में जारी बयान में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि निश्चित ही इस प्रयास से उत्पाद बढ़ेगा और उत्पादन बढ़ने से किसान मजबूत होने के साथ ही कृषकों को आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा भी भेंट किया।

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की पीसीएस 2021 मुख्य परीक्षा का रिजल्ट जारी, 289 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

देहरादून। उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग ने बुधवार को पीसीएस-2021 मुख्य परीक्षा का रिजल्ट जारी किया है। जारी रिजल्ट के अनुसार 289 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। जिसमें दस डिप्टी कलेक्टर व दस सीओ समेत आदि पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। आयोग ने पीसीएस-2021 की प्री परीक्षा तीन अप्रैल 2022 को कराई थी। इसके बाद मई में इसका परिणाम जारी किया गया था, जिसमें 1205 अभ्यर्थियों का चयन किया गया था। इसके बाद आयोग ने मुख्य लिखित परीक्षा 23 से 26 फरवरी 2023 को आयोजित की। इस साल 27 फरवरी और पांच अप्रैल को इसका परिणाम जारी किया गया था। चयनित अभ्यर्थियों के लिए 29 अप्रैल से चार जुलाई तक साक्षात्कार परीक्षा, शारीरिक परीक्षा, चिकित्सकीय मापदंड की

प्रक्रिया पूरी की। लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि पीसीएस-मुख्य परीक्षा में 10-डिप्टी कलेक्टर, पुलिस उपाधीक्षक-10, वित्त अधिकारी-18, एआरटीओ-11, सहायक निदेशक उद्योग-17, खंड विकास अधिकारी-28, जिला पूर्ति अधिकारी-चार, उप संभागीय विपणन अधिकारी 3, सहायक निबंधक सहकारिता गन्ना -7, कारागार अधीक्षक -3, सहायक आयुक्त राज्य कर -16 पदों पर चयन किया गया है।उन्होंने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी -5, कार्य अधिकारी जिला पंचायत-4, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी -2, राज्य कर अधिकारी -28, सहायक निदेशक कारखाना श्रम विभाग-3, सहायक गन्ना आयुक्त-1, सहायक निदेशक कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी -2, सहायक श्रम आयुक्त -2, निबंधन उप निबंधक श्रेणी द्वितीय के 12 पद, प्रचार अधिकारी पर्यटन विभाग -1, उद्यान विकास अधिकारी -20, जिला सूचना अधिकारी -11 पदों पर चयन किया गया है।लोक सेवा आयोग के सचिव ने बताया कि सहायक निदेशक उद्यान -1, पौध सुरक्षा अधिकारी उद्यान -1, मशरूम विकास अधिकारी उद्यान-1, सहायक निदेशक-वनस्पति विज्ञान उद्यान-4, जिला परिवीक्षा अधिकारी -2,केस वर्कर महिला कल्याण -3, उप शिक्षा अधिकारी- 32, सहायक निदेशक मत्स्य -3, सहायक निदेशक सांख्यिकी -1, सहायक निदेशक रसायन -1, खाद्य प्रशिक्षण अधिकारी -1, अधीक्षक भिक्षु ग्रह -1, बाल विकास परियोजना अधिकारी के 19 पदों पर चयन किया गया है।

पीसीएस की मेरिट में टॉपर आशीष जोशी युवाओं के लिए बने आदर्श

सितारगंज (उद संवाददाता)।पीसीएस की मेरिट में टॉपर आए सितारगंज के आशीष जोशी तैयारी करने वाले युवाओं के साथ हर वर्ग के युवाओं में प्रेरणा बनकर उभरे हैं। आशीष ने यह संदेश दिया है कि निरंतर ही सफलता है। नगर के वार्ड नंबर 11 निवासी आशीष जोशी पुत्र खजान चंद जोशी ने पीसीएस की मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर तैयारी करने वाले युवाओं में उत्साह का माहौल है। इसके साथ ही क्षेत्र में खुशी की लहर है। आशीष जोशी के अनुसार निरंतरता ही सफलता है। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम वर्ष 2016 में प्री पीसीएस की परीक्षा में वह पास हुए। इसके बाद लोअर पीसीएस में पास आउट

होकर नायब तहसीलदार बन गए। अब पीसीएस में टॉप कर डिप्टी कलेक्टर पद पर उनका चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि वह निरंतरता से ही सफलता हासिल करने में कामयाब हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर एसएम पब्लिक स्कूल के टॉपर छात्र रहे सैफ अली, प्रभजोत ने बताया कि उन्हें संदेश मिला है जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो। निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। व्यापारी युवा नेता शिवम साहू ने कहा कि सितारगंज निवासी आशीष जोशी ने पीसीएस में टॉप कर राज्य के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आशीष जोशी युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं।

एसबीआई ने सेंट्रल जेल को प्रदान किया ई रिक्शा

कारागार पर आने वाले आगंतुकों का ई रिक्शा से होगा भ्रमण

सितारगंज (उद संवाददाता)। एसबीआई बैंक की तरफ से सीएसआर के अंतर्गत केंद्रीय कारागार को ई रिक्शा प्रदान किया गया है। इस उपलक्ष्य में एसबीआई की ओर से जीएम दीपेश राज, डीजीएम कृष्णकांत बिश्नोई, ब्रांच मैनेजर होशियार सिंह, जेल अधीक्षक अनुराग मलिक समेत समस्त कर्मचारी गण मौजूद रहे। ई-रिक्शा का प्रयोग सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाए जाने तथा कारागार पर आने वाले आगंतुकों को कारागार का भ्रमण कराए जाने और मुलाकातियों की आवश्यकता अनुसार ट्रांसपोर्टेशन के साथ अन्य शासकीय कार्य में किया जाएगा। संपूर्ण टीम को कारागार परिसर का भ्रमण कराया गया। कारागार में बंदियों के द्वारा किए जा रहे विविध कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। भ्रमण के अवसर पर पहुंची एसबीआई की टीम ने जेल परिसर में साफ सफाई और कुशल अनुशासन की प्रशंसा की।

जिला चिकित्सालय में आठ घंटे पानी को तरसते रहे मरीज

मुख्य गेट पर रहता है जल भराव, पनप रहे मच्छर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला चिकित्सालय में गत मध्य रात्रि से आठ घंटे तक उपचार के भर्ती मरीज व उनके तीमारदार पानी के लिए भटकते रहे। प्रात: करीब 11 बजे पानी की आपूर्ति सुचारू होने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली। बताया जाता है कि जिला चिकित्सालय निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके चलते मध्य रात्रि करीब तीन बजे पानी की पाईप लाईन ध्वस्त हो गई। जिससे चिकित्सालय परिसर में होने वाली पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प हो गई। चिकित्सालय में भर्ती मरीज व उनके तीमारदार पीने के पानी सहित शौच आदि कार्यों के लिए पानी की तलाश में इधर उधर भटकने लगे। प्रात: करीब 11 बजे पेयजल लाईन के दुरूस्त होने उपर पानी की आपूर्ति सुचारू हो पाई। जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। वहीं रूद्रपुर जिला चिकित्सालय की व्यवस्था सुधारने के सभी दावे खोखले साबित होते जा रहे है। चिकित्सालय परिसर में मरीज रोगों के उपचार के लिए परेशान रहते हैं तो वहीं जिला वर्षा में ही गेट पर भारी जल भराव हो जाता है जो कि कई दिनों तक रहता है। इस ओर चिकित्सालय प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जल भराव के

चिकित्सालय के मुख्य गेट पर आये दिन जल भराव होने के कारण भी लोगों को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। मुख्य गेट पर नाली की सफाई न होने से पूरी तरह से बंद हो चुकी है। मामूली सी कारण यहां मच्छर भी पनपने लगे हैं जिनसे संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। इतना ही नहीं परिसर में निर्माण कार्य के चलते भी जगह जगह जल भराव की स्थिति बनी हुई है।

बारिश में यातायात ड्यूटी करती महिला दरोगा ने सड़कों को किया जाम मुक्त

सितारगंज(उद संवाददाता)।बरसात के बीच महिला पुलिस अधिकारी ने यातायात व्यवस्था को नियंत्रित कर वीरता पूर्वक कार्य किया। वह बारिश में भीगते हुए वाहनों को जाम के झाम से मुक्त करती नजर आई। उनके कार्य की हर तरफ

प्रशंसा हो रही है। चहेलुम पर्व के अवसर पर शहर में मुस्लिम समुदाय ने ताजिये निकाले थे, इस दौरान नगर क्षेत्र के कई इलाकों के ताजिये कोतवाली पर एकत्र होकर जुलूस के रूप में नयागांव स्थित कर्बला जाते है। जिसमें काफी संख्या में क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के लोग साथ साथ चलते है। जिस कारण नगर में बहुत भीड़भाड़ हो जाती है। अकसर देखा जाता है कि पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए दिन रात काम करती है। इसी परिपेक्ष में नगर के मुख्य चौक पर यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने में एसआई सोनिका जोशी एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने बड़ी मुस्तैदी से कार्य करते हुये बारिश के बीच भी अपना कर्तव्यों का निर्वहन किया। जोकि क्षेत्र में सराहा गया।

महिला पुरूष क्रॉस कंट्री रेस आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर जिला खेल कार्यालय उधम सिंह नगर के अधीन मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में प्रात: 7:00 से जनपद स्तरीय अंडर-16 बालक/बालिका एवं ओपन पुरुष/महिला क्रॉस कंट्री रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जनपद स्तरीय क्रॉस कंट्री रेस प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी द्वारा किया गया। जिसमें लगभग बालिका/ बालक वर्ग में कुल 52 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें 6 - 6 स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी कमल सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर खेल विभाग उधम सिंह नगर के कर्मचारी एवं खेल प्रशिक्षक उपस्थित मौजूद रहे।

जलसे में हजरत इमाम हुसैन की शहादत बयां की

सितरगंज। चहेलुम पर्व पर विशाल जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें उलेमाओं ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत बयां की। इस दौरान माहौल गमगीन हो गया। चहेलुम पर्व की पूर्व संध्या पर इस्लाम नगर में हजरत इमाम हुसैन की याद में जलसे का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेस की सदारत मुफ्ती गुलाम मुस्तफा अलीमी साहब के हाथ में रही। इसी के साथ बरेली से तशरीफ लाने वाले हजरात अल्लामा मुफ्ती शहजाद आलम साहब ने शाने अहले बैत व शाने सहाबा की फजीलत बयान की। इन्हीं के साथ शायरे इस्लाम आजम इकबाल भी बनारस से तशरीफ लाए। जिन्होंने मनकब्ते इमाम हुसैन के साथ साथ या रसुल्लाह जैसी नात के तराने गुनगुनाए। तौफीक कमर साहब और मुफ्ती आरिफ नूरी वाहिदी ने भी अपने बयान से महफिल में चार चांद लगाए। शहर के इमाम मुफ्ती कासिम मिस्बाही पूरी शाने खिताबत के साथजलसे में मौजूद रहे।वाहिदी वर्ल्डवअंजुमन आशिकाने अहले बैत कमेटी की तरफ से जलसे का आयोजन किया गया। इस मौके पर अफरोज वाहिदी, कासिम वाहिदी,फैज वाहिदी समीर वाहिदी,सोइब वाहिदी , इस्माइल अंसारी,आरिफ मंसूरी और मुशीर अहमद लारी आदि लोग मौजूद थे।

दहेज हत्या के दोषी पति को सात का कठोर कारावास

खटीमा। दहेज के लिए पत्नी की हत्या के मामले में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मंजू सिंह मुंडे ने दोषी पति को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। खटीमा के बानूसी गांव निवासी बसंती देवी ने 10 मई 2019 को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि उसकी पुत्री गीता का विवाह वर्ष 2018 में खाली महुवट झनकईया निवासी रघुवीर सिंह भाटिया के साथ हुआ था। आरोप लगाया था कि पति, सास, नंद व देवर ने मिलकर उसकी पुत्री को जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने पति रघुवीर, सास सुंदरी देवी, कलावती देवी, देवर गिरिश सिंह, नरेश सिंह व नंद बबली के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। 26 सितंबर 2019 को पुलिस ने मामले में आरोप पत्र न्यायालय पेश किया। सुनवाई के दौरान 19 गवाहों को पेश किया गया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सास, भाइयों एवं नंद को दोष मुक्त करार दिया। जबकि पति रघुवीर सिंह भाटिया को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

प्लास्टिक की बोतलों का मिलेगा पेमेंट

सीएम ने किया प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के लिए डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम का शुभारंभ

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संचालित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं प्लास्टिक की बोतल को बार कोड से स्कैन कर डिजिटल पेमेंट प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक की खपत को कम करने एवं अधिक से अधिक प्लास्टिक को रिसाइकल कर उसे इस्तेमाल में लाने के लिए डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम को धरातल में उतारने के लिए समन्वय से कार्य किए जाएं। यह पहल चार धाम यात्रा एवं अन्य पर्यटन स्थलों में भी कूड़े की खपत को कम करते हुए स्वच्छता का वातावरण बनाने में सहायक सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लास्टिक की समस्या संपूर्ण विश्व के लिए चुनौती बन गई है। धार्मिक और पर्यटन स्थलों में प्लास्टिक की बड़ी समस्या के तौर पर सामने आती है। इसके समाधान हेतु राज्य सरकार ठोस कदम उठा रही है। राज्य में स्वच्छता का वातावरण बनाते हुए क्लीन उत्तराखण्ड, ग्रीन उत्तराखण्ड पर सरकार विशेष फोकस कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल डिपोजिट रिफंड सिस्टम को 2 साल पहले पायलट प्रोजेक्ट के रूप में उत्तराखण्ड में लाया गया था। जिसके सफल संचालन के लिए उत्तराखण्ड के रुद्रप्रयाग जिले को डिजिटल इंडिया अवॉर्ड-2022 से भी सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा कि नदियां, जंगल, पहाड़ राज्य की धरोहर और पहचान है। प्लास्टिक हमारी इन धरोहरों को खतरे में डाल रही है। जिसके निस्तारण के लिए राज्य सरकार विज्ञान एवं आधुनिक तकनीक के प्रयोग से कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई थी। जिससे भारत में स्वच्छता के क्षेत्र में नई क्रांति का संचार हुआ था। नमामि गंगे योजना के तहत गंगा की स्वच्छता के लिए अनेक कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम के माध्यम से पहाड़ी क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे का एकत्रीकरण सरल हो जाएगा। डी.डी.आर.एस के तहत प्लास्टिक बोतल/ प्लास्टिक पदार्थों का उत्पादन करने वाली इकाइयों द्वारा 'क्यूआर कोड सिस्टम' जनित किया जाएगा। जिससे उपभोगताओं द्वारा प्लास्टिक पैकेजिंग में भंडारित पदार्थों का प्रयोग करने के पश्चात प्लास्टिक अपशिष्ट को नजदीकी डी.डी.आर.एस सेंटर को वापस किया जाएगा। बार कोड स्कैन करने के पश्चात उपभोक्ता को प्रत्येक प्लास्टिक अपशिष्ट पर एक निश्चित धनराशि वापस की जाएगी। डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम के लागू होने से प्लास्टिक कचरे को सर्कुलर इकोनॉमी में वापस लाया जा सकेगा। जिससे संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित हो सकेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण समिति श्री विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव श्री आर.के सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, विशेष सचिव/ मेंबर सेक्रेटरी, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव श्री युगल किशोर पंत, श्री आलोक कुमार पाण्डेय एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी मौजूद रहे।

स्वामी हरि चैतन्य पुरी ने इंटर कालेज में किया टीन शेड का शिलान्यास

गढीनेगी (उद संवाददाता)। क्षेत्र के ग्राम करनपुर में स्थित ए.एन.झा. इन्टर कॉलेज में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विशाल टीनशैड का शिलान्यास संत श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य महाप्रभु के कर कमलों से कश्मीर सिंह पन्नू प्रबंधक, पंकज छावडा, प्रधानाध्यापक, अध्यापकों व विद्यार्थियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्री महाराज ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य बालकों को मानवोचित संस्कार डालकर उन्हें सुसंस्कारित करके समाज का उपयोगी एवं सुयोग्य नागरिक बनाना है। विद्या वह है जो हमें मुक्त कर दे जीवन से नहीं, वरन् अज्ञानता, अंध विश्वास, कुरीतियों, बुराइयों, भेदभाव, घृणा आदि से। बच्चों को या शिक्षकों को जो भी हम सिखाएं हमें स्वयं भी अपने जीवन में उसका पालन करना चाहिए। चाहे उसकी आवश्यकता ना हो तो भी अन्यथा हमारी शिक्षा का चिरस्थायी प्रभाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि समाज में निरंतर हो रहे मानवता, चरित्र , नैतिकता के ह्रास पर अत्यधिक चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज की शिक्षण संस्थाएं भी विशुद्ध व्यावसायिक संस्थाएं होकर रह गई हैं। उनका भी इस क्षेत्र में योगदान लगभग नगण्य ही होता जा रहा है। जिसके लिए हमें सजग होकर ध्यान देना है। स्वयं को निर्बल और असहाय व असमर्थ ना समझे अपितु निराभिमान होकर प्रभु स्मरण करते हुए सही दिशा में प्रयास करें तो संसार में कुछ भी असंभव नहीं। प्रतिभाएं सभी में है मात्र उन्हें उजागर करने की जरूरत होती है। लकड़ी के बेकार पड़े ठूंठ को कलाकार सुंदर आकार देकर बहुमूल्य बना देता है।बेकार पड़ी मिट्टी की कुम्हार सुंदर आकृतियां बना देता है। लुहार, सुनार आदि लोहे व सोने को सुंदर व उपयोगी बना देते हैं। माता पिता, अभिभावक, शिक्षक व गुरुजन चाहे तो नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने में सहयोगी बनकर उन्हें समाज का एक सुयोग्य नागरिक बना सकते हैं।

प्रदेश में परिसीमन से 37 नई ग्राम पंचायतें बढ़ी

देहरादून। चुनाव से पहले ग्राम पंचायतों का परिसीमन कराया गया था। परिसीमन से अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और रुद्रप्रयाग जिले को छोड़कर अन्य सभी जिलों में ग्राम पंचायतों की संख्या घटी या बढ़ी है। प्रदेश में ग्राम पंचायतों के परिसीमन से 37 नई ग्राम पंचायतें वजूद में आ गई हैं। जिससे ग्राम पंचायतों की संख्या अब 7795 से बढ़कर 7832 हो गई है। पंचायतों के परिसीमन के बाद अब आरक्षण की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रदेश में पंचायत चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले ग्राम पंचायतों का परिसीमन कराया गया था। परिसीमन से अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और रुद्रप्रयाग जिले को छोड़कर अन्य सभी जिलों में ग्राम पंचायतों की संख्या घटी या बढ़ी है। विभाग की एक रिपोर्ट में मुताबिक, परिसीमन से 13 पंचायतें घटी हैं। जबकि 50 ग्राम पंचायतें बढ़ी हैं। ऐसे में वास्तविक रूप से 37 ग्राम पंचायतें बढ़ी हैं। टिहरी गढ़वाल में सबसे अधिक 16 पंचायतें, उत्तरकाशी में 13, देहरादून में 8, चमोली में 5, ऊधमसिंह नगर में 4, बागेश्वर में 3 और चंपावत में एक पंचायत बढ़ी हैं। वहीं, ऊधमसिंह नगर व पौड़ी में पांच-पांच, नैनीताल, टिहरी व चमोली में एक-एक ग्राम पंचायत घटी है।

भाजपा का सदस्यता अभियान को जोर शोर से चलाया जाएगा: अग्रवाल

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। भाजपा के संस्था अभियान के तहत नगर में एक बैठक का आयोजन किया गया, इसमें भाजपा के सदस्यता अभियान को जोर शोर से चलाने का निर्णय लिया गया।सदस्यता अभियान विधान सभा संयोजक उमेश अग्रवाल ने बताया कि 1 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रधानमंत्री मोदी को सदस्यता दिलवाएंगे। इसके बाद सभी वरिष्ठ नेता , मंत्री सदस्यता ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान को कार्यकर्ता जोर-शोर से चलाएं। सदस्यता अभियान के लिए ऑनलाइन सदस्यता के अलावा घर-घर जाकर सदस्यता अभियान चलाने की भी व्यवस्था की गई है। श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा से जुड़ने के लिए युवाओं में खासा जोश है। मुख्य वक्ता अंजू देवी ने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ने 10 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है । सदस्यता अभियान कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा , सदस्यता अभियान संयोजक उमेश अग्रवाल मंडल कार्यक्रम संयोजक जगदीश जोशी,ध्रुव सिंह राणा , निवर्तमान चेयरमैन प्रेम सिंह टुरना, वरिष्ठ युवा भाजपा नेता वरुण अग्रवाल, धरम सिंह विष्ट,श्री पाल राणा ,ओम नारायन राणा के अलावा वरिष्ठ पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गुरु नानक इंटर कॉलेज के छात्र प्रिंस का टेनिस प्रतियोगिता में चयन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।गुरु नानक इंटर कॉलेज नानकमता के छात्र प्रिंस जोशी का चयन राष्ट्रीय स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य तरसेम सिंह ने बताया कि विद्यालय खेल प्रतियोगिता में अंडर 14 वर्ग में होने वाली सितंबर माह की प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र प्रिंस जोशी का टेबल टेनिस प्रतियोगिता में चयन किया गया है, जिसको लेकर विद्यालय में खुशी की लहर है, विद्यालय के प्रधानाचार्य तरसेम सिंह संपूर्ण सिंह तजिन्द्र सिंह, डॉ प्रशांत विश्वास ने छात्र को बधाई दी है।

अधिवेशन में पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं पर जताई चिंता

प्रमुखता से उठी रूद्रपुर कोतवाल को हटाये जाने की मांग

खटीमा (उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद खटीमा इकाई के द्वितीय वार्षिक अधिवेशन में पत्रकारों की समस्याओं पर गंभीरता से मंथन हुआ। अधिवेशन में रुद्रपुर कोतवाल मनोहर दसौनी द्वारा बीते दिनों पत्रकार के साथ की गयी अभद्रता का मुद्दा प्रमुखता से उठा और कोतवाल को हटाये जाने की मांग का प्रस्ताव पारित किया गया। अधिवेशन में पत्रकार प्रेस परिषद के सदस्यों को परिचय पत्र भी वितरित किए गए। मण्डी गेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकार प्रेस परिषद खटीमा इकाई के वार्षिक अधिवेशन का शुभारम्भ कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गयी। अधिवेशन में पत्रकारों के उत्पीड़न के मुद्दे पर गहन मंथन किया गया और जिले में पत्रकारों के बढ़ रहे उत्पीड़न पर चिंता व्यक्त की गयी। बीते दिनों रूद्रपुर कोतवाल मनोहर दसौनी द्वारा पत्रकार दीपक शर्मा को धमकी देने और अभद्रता करने का मामला भी प्रमुखता से उठा और सर्वसम्मति से इस मामले में कोतवाल को हटाये जाने की मांग का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में तय किया गया कि जल्द ही कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गयी तो पत्रकार वीआईपी कार्यक्रमों का बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। अधिवेशन में कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने खटीमा में संगठन को मजबूती से खड़ा करने पर सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और दो वर्ष पूरे होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद आज देश भर में पत्रकारों के हितों के लिए मजबूती से काम कर रहा है। कई राज्यों में संगठन की इकाईयां सक्रिय रूप से काम कर रही हैं और समय समय पर पत्रकार उत्पीड़न के मामलों पर खुलकर लडाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि कुमांऊ में भी संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। कुमांऊ में कई स्थानों पर इकाईयों के गठन के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार उत्पीड़न के मामलों में संगठन संघर्ष से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर कोतवाल के प्रकरण को लेकर लड़ाई जारी रहेगी। शीघ्र ही संगठन का प्रतिनिधि मण्डल इस मसले पर मुख्यमंत्री से वार्ता करेगा। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर में जो कोतवाल ने पत्रकार दीपक शर्मा के साथ जो अभद्रता की है अमानवीय व्यवहार है। ऐसे मामलों में संगठन चुप नहीं बैठेगा। इस अवसर पर अशोक गुलाटी ने सदस्यों को संगठन की ओर से जारी परिचय पत्र भी वितरित किये। अधिवेशन में मोनाल संस्था की डायरेक्टर श्रीमती नीता सक्सेना, नैनीताल जिला अध्यक्ष उर्वा दत्त भट्ट, पत्रकार प्रेस परिषद कुमाऊँ मंडल महामंत्री भरत सिंह चुफाल, मंडल उपाध्यक्ष अजय गुप्ता नगर अध्यक्ष अशोक सरकार आदि ने भी विचार व्यक्त किये और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। संचालन सुंदर बहादुर ने किया। इस अवसर पर खटीमा प्रेस क्लब अध्यक्ष हरिनारायण अग्रवाल,टनकपुर तहसील इकाई अध्यक्ष नवीन चंद्र भट्ट, अजय गुप्ता, दीपक यादव, टोनी वर्मा, अनुज शर्मा, गुड्डू खान, गणेश पुजारा, ईश्वर सिंह, सितारगंज तहसील अध्यक्ष गुरदीप सिंह, सलीम, माया शंकर, हेमंत कुमार, विजय कुमार, रोहित प्रकाश, शशांक वर्मा, अमित, दीपक, गदरपुर से मीडिया क्लब अध्यक्ष मुकेश पाल,विपुल कुमार, तहसील अध्यक्ष सचिन गुप्ता,निशांत गुप्ता, किशन गुप्ता, गौरव बत्रा, नितिन छावड़ा, रिंकू शर्मा सहित आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

ऑटो चालक स्मैक सहित दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक ऑटो चालक को स्मैक तस्करी करते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार खेड़ा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मनोज कुमार कांस्टेबल त्रिलोक सिंह के साथ क्षेत्र में चौकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सामने से आते ऑटो संख्या यूके 04टी बी 0473 के चालक ने जब ऑटो मोड़ने लगा तो संदेह होने पर पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता अमीर अहमद पुत्र फिरोज अहमद निवासी लाइन नंबर 17 बुद्ध बाजार के पास थाना बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 5 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने स्मैक कब्जे में लेकर ऑटो सीज कर दिया और स्मैक तस्कर अमीर अहमद को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

गौवंश संरक्षण के लिए गौशाला संचालकों के सुझाव लिए

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला अधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जनपदीय पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक जिला सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जनपद के पूर्व संचालित एवं नई प्रस्तावित गौशालाओं के अनुश्रवण, विस्तार, निर्माण के संबंध में चर्चा की गई साथ ही पंजीकृत गौशालाओं में संरक्षित गोवंश के भरण पोषण हेतु अनुदान के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। एबीसी केंद्र में श्वानवंशीय पशुओं के बधियाकरण उपरांत उन्हें स्थापित करने संबंधी विषयों पर चर्चा भी की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने गौशाला संचालकों व एनजीओ के प्रतिनिधियों से समस्याओं पर बात की व उनके सुझाव भी लिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में राजकीय भूमि पर 02 गौसदन व 03 निजी गौसदन पंजीकृत हैं जिनमें वर्तमान में 2287 गोवंश शरणागत हैं, जबकि अनुमानित निराश्रित गोवंश की संख्या लगभग 5500 है। जनपद में नगर निकायों द्वारा 06 गौशालाएं प्रस्तावित हैं जिनकी डीपीआर शासन को प्रेषित है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने निकायों को पूल बनाकर अपने संसाधनों से आवंटित भूमि की तारबाढ़ व गेट बनाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, एसीएमओ डॉ0 एसपी सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एसबी पांडे, पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 सुधाशु मिश्र, डॉ0 जितेन्द्र कुमार, डॉ0 एमके शर्मा, डॉ0 रोहित नौगांई, डॉ0 मृगेश चौधरी, डॉ0 रवि शंकर झा, उप मुख्य चिकित्साधिकारी केके जोशी, श्री राधे कृष्ण गौ सेवा सदन बाजपुर के जगदीश प्रसाद गोयल, श्री त्रीलोक धाम चेरिटेवल ट्रस्ट के नारद जोशी संदीप बंसल, राजेश जिंदल, ईओ शिखा आर्या, संजीव मल्होत्रा आदि थे।

बहुउददेशीय शिविर में ग्रामीणों ने उठाया योजनाओं का लाभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पी एम जनमन) के तहत विकाखण्ड गदरपुर के ग्राम पंचायत खटोला व ग्राम पंचायत जगनपुरी में बहुउददेश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा एन.सी.डी स्क्रीनिंग 63, टी.वी स्कीनिग 45 लाभार्थीयों का तथा 6 लाभार्थीयों का टीकाकरण व बाल विकास विभाग द्वारा 6 महालक्ष्मी किट का वितरण, पशुपालन विभाग द्वारा 6 क्रेडिट कार्ड व दवाईयों का वितरण किया गया, साथ ही शिविर में पीएम जनमन में आवास दिलाये जाने की शिकायतें दर्ज कि गई, उक्त शिविर सहायक समाज कल्याण अधिकारी गदरपुर, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मदनापुर ग्राम विकास अधिकारी मदनापुर, कृषि विभाग, पशुपालन ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। वहीं प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पी एम जनमन) के तहत विकासखंड काशीपुर के ग्राम पंचायत मेहतावन (बाजावाला) में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा 58 लोगों का एन.सी.डी स्क्रीनिंग किया गया, 5 लाभार्थीयों का टीकाकरण तथा दवाईयां वितरित की गई, साथ ही शिविर में कृषि विभाग द्वारा फसलों से संबंधित तथा फसलों में होने वाली बीमारियों के लक्षण, कारण आदि पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। उक्त शिविर में ग्राम प्रधान मेहतावन सहायक समाज कल्याण अधिकारी काशीपुर, ग्राम विकास अधिकारी मेहतावन तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मेहतावन, कृषि अधिकारी व बिजली विभाग कनिष्ठ अभियन्ता पेयजल निगम तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

युवतियों का पीछा करने वाले कार सवार गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर में कार सवार युवकों द्वारा युवतियों का पीछा करते युवकों का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चार युवकों को वहां सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार नगर की एक कालोनी में कार सवार कुछ युवक पैदल जा रही युवतियों का पीछा करने लगे। किसी तरह युवतियां अपने घर पहुंची आय उन्होंने परिजनों को मामले से अवगत कराया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने अधीनस्थ को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।जिसके बाद पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और कार की पहचान करने के बाद पीछा करने वाले सभी युवकों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही प्रयुक्त वाहन को भी कब्जे में ले लिया। एसएसपी ने कहा कि ऐसे हुड़दंगियों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पुलिस ने पकड़े गए युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गोष्ठी में किसानों को दी वैज्ञानिक विधि से गन्ने की बुवाई करने की जानकारी

किच्छा(उद संवाददाता)। चीनी मिल प्रबंधक कमेटी द्वारा ग्राम हल्दूचौड़ में एक ग्राम स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। उनके द्वारा वैज्ञानिक विधियों का अनुसरण कर गन्ना फसल की परम्परागत बुवाई पद्धति से हटकर वैज्ञानिक विधि से गन्ना बुवाई करते हुए सहफसल का समावेश कर अतिरिक्त लाभ अर्जित करने सम्बंध में जानकारी दी गयी। साथ ही गन्ने की जैविक खेती करने हेतु किसानों को प्रेरित किया गया। किच्छा चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक ऋषिपाल सिंह द्वारा नवीनतम उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे अगेती प्रजाति में को०लख० 14201, को० 16202, को० 15023,को०पंत 12221, को०शा० 13235 तथा सामान्य प्रजाति में को० पंत 12226, को०पंत 13224, को० पंत 97222 एवं जल प्लावित क्षेत्र के लिये प्रजाति को0 98014 के सम्बंध में तथा उसके उत्पादन की नवीनतम तकनीकि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इनके गुणों से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त, गन्ना बुवाई की वैज्ञानिक विधियों, पोषक तत्व प्रबंधन, गन्ने की उत्पादन बढ़ाने की विधियों की जानकारी दी गयी। पंतनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ गीता शर्मा और डॉ. मौर्य द्वारा गन्ना फसल में की जाने वाली समस्त कर्षण क्रियाओं के साथ ही गन्ना फसल में लगने वाले विभिन्न कीट जैसे दीमक, टॉप बोरर, कुरमुला की पहचान व उनकी रोकथाम तथा गन्ना फसल में लगने वाले रोग जैसे लाल सड़न (रैंड राट), स्मट व पोखा बोईंग आदि की पहचान व उसकी रोकथाम के बारे में तथा गन्ना फसल प्रबन्धन की विस्तृत जानकारी दी गयी। चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मार्तोलिया ने बताया कि प्रत्येक कृषक को नवीनतम तकनीक के आधार पर गन्ने की खेती करनी चाहिए। साथ ही अपनी भूमि की जांच अवश्य करानी चाहिए। साथ ही अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मार्तोलिया ने कहा कि किसानों द्वारा दिए गए सुझावों पर अमल किया जाएगा ,पंतनगर के वैज्ञानिक अधिकारियों ने गन्ना कृषकों को उन्नत प्रजाति की गन्ना बीज की जानकारी, गन्ने की फसल में लगने वाली बीमारियों और उसमें प्रयोग की जाने वालीं दवाओं के बारे में बताया।इनके अतिरिक्त गोष्ठी में गन्ना प्रबंधक ऋषिपाल सिंह ,गन्ना सोसाइटीसचिव हल्द्वानी ,गन्ना विकास निरीक्षक भूपेंद्रसिंह गन्ना पर्यवेक्षक प्रताप सिंह, सुधीर आहूजा, मदन कालरा, रविशंकर काण्डपाल, एवं गन्ना विकास निरीक्षक कु०कंचन शाही,आशाराम ,विपिन कुमार, डॉक्टर गंगा दत्त,महेश चंद, सचिन कुमार, ललित पंत, विशाल सेतिया, कमल सिंह, सूर्य प्रताप सिंह , मोहमद यूनुस के साथ किसान आदि थे।

उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

दरिंदों पर शिकंजा

लगा था कि सर्वोच्च न्यायालय की दखल के बाद कोलकाता चिकित्सक बलात्कार और हत्या मामले को लेकर उभरा लोगों का रोष कुछ कम हो जाएगा, मगर वह और बढ़ता जा रहा है। अदालत ने घटना के विरोध में आंदोलन कर रहे चिकित्सकों से काम पर लौटने की अपील की थी। मामले पर कार्रवाई में बरती गई शिथिलता और लापरवाहियों को लेकर पुलिस और चिकित्सालय प्रशासन को फटकार लगाई थी। मगर उससे लोगों का गुस्सा शांत नहीं हो पा रहा। पश्चिम बंग छात्र समाज ने 'नवान्न' अभियान शुरू कर दिया।बताया जा रहा है कि यह छात्रों का गैरराजनीतिक मंच है और इसकी तीन प्रमुख मांगें हैं- पीड़िता को न्याय मिले, मुख्यमंत्री अपने पद से इस्तीफा दें और अपराधी को मृत्युदंड मिले। अब छात्रों के विरोध में कुछ सरकारी कर्मचारी संगठनों ने भी अपना स्वर मिला दिया है। उधर भारतीय जनता पार्टी ने बंगाल बंद का आह्वान किया था, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कई जगह झड़पें भी हुईं। ऐसे वातावरण में राष्ट्रपति ने भी अपने संबोधन में कहा कि अब समय आ गया है कि बेटियों पर अत्याचार को सहन न किया जाए। किसी भी हाल में महिलाओं का उत्पीड़न रुकना चाहिए। स्वाभाविक ही इस विरोध प्रदर्शन से ममता बनर्जी सरकार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हालांकि इस मामले पर सियासी बयानबाजियां भी तेज हो गई हैं। ममता बनर्जी इन विरोध प्रदर्शनों के पीछे भाजपा का हाथ बता रही हैं और उनका आरोप है कि केंद्र सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। विपक्षी गठबंधन के नेता भी इसमें सियासी रंग घोल रहे हैं। इस तरह कोलकाता बलात्कार और हत्या प्रकरण में अब असल मुद्दे पर कार्रवाई से अधिक राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। हालांकि इस घटना को बीस दिन हो गए और शुरू में ही ममता बनर्जी ने इस पर सख्त रुख अख्तियार कर लिया था। आरोपी को फौरन गिरफ्तार कर लिया गया, लापरवाही बरतने वाले अस्पताल प्रशासन के खिलाफ भी कार्रवाई कर दी गई। मामले की जांच का जिम्मा सीबीआइ को सौंप दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय लगातार इस मामले पर नजर बनाए हुए है। आरोपी के सच से सामना कराने से कुछ तथ्य सामने आने की उम्मीद बनी हुई है। मगर लोगों की नाराजगी कम होने का नाम नहीं ले रही, तो इसकी कुछ वजहें साफ हैं। अभी तक अनेक आपराधिक मामलों में ममता बनर्जी सरकार का रवैया संतोषजनक नहीं देखा गया है। कोलकाता चिकित्सक बलात्कार और हत्या कांड को लेकर पूरे देश में आक्रोश प्रकट हुआ है, तो उसके पीछे भी बड़ी वजह महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बरती जा रही शिथिलता है। राष्ट्रपति के बयान को गंभीरता से लेने की जरूरत है कि निर्भया कांड के बारह बरस बाद भी ऐसे जघन्य अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे। मगर जब तक सरकारें राजनीतिक नफे-नुकसान से ऊपर उठ कर इस दिशा में सामूहिक प्रयास से कोई व्यावहारिक और कारगर कदम नहीं उठाएंगी, तब तक ऐसी घटनाओं पर रोक लगाना मुश्किल बना रहेगा। ममता बनर्जी को इसे राजनीतिक रस्साकशी का मुद्दा बनाने के बजाय लोगों को यह भरोसा दिलाना होगा कि वे महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं और बलात्कार तथा हत्या मामले में न्याय दिलाने का हर प्रयास करेंगी।

परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर उपभोक्ता आयोगों के तीन अध्यक्ष तथा नौ सदस्यों का चयन

632 आवेदकों तथा 331 परीक्षा देने वालों में से यूकेएसएससी में किया चयन

काशीपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के जिला उपभोक्ता आयोग तथा राज्य उपभोक्त आयोगों में न्यायाधीशों (अध्यक्ष व सदस्यों) के लम्बे समय से खाली पड़े पदों को भरने व उनके सुचारू से चलने की उम्मीद बंधी है। यू के एस.सी.सी द्वारा परीक्षा व साक्षात्कार परिणामों के आधार पर चयन करके अध्यक्षों तथा 9 सदस्यों की औपबांधिक श्रेष्ठता सूची उत्तराखंड शासन को प्रेषित की गयी है। इसके बाद उत्तराखंड शासन के खाद्य विभाग द्वारा नियुक्ति आदेश करने पर लंबे समय से रिक्त पड़े पद भर जायेंगे। यह खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) को उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड शासन के खाद्य विभाग तथा उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष व सदस्यों के चयन सम्बन्धी सूचना चाही थी। इसके उत्तर में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के लोक सूचना अधिकारी कैलाश चन्द्र नैनवाल ने पत्रांक 826 से परीक्षा तथा चयन सम्बन्धी सूचना उपलब्ध करायी है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार कुल 13 पदों के लिये कुल 632 आवेदन पत्र प्राप्त हुये। इसमें से 52 प्रतिशत 331 आवेदक ही लिखित परीक्षा में बैठै तथा लिखित परक्षा, मौखिक परीक्षा/साक्षात्कार तथा अभिलेख सत्यापन के उपरान्त 12 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की विभाग को प्रेषित किये जाने योग्य औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची यू के एस सी सी की वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष के लिये केवल 1 आवेदन प्राप्त हुआ लेकिन आवेदक परीक्षा में शामिल नहीं हुआ इसलिये इसका विवरण चयन व श्रेष्ठता सूची में नहीं हैं। राज्य आयोग के सामान्य सदस्य 1 पद के लिये 185 आवेदकों ने आवेदन किया जिसमें से 93 परीक्षा में बैठे तथा सर्वाधिक 166 अंक प्राप्त करके चन्द्र मोहन सिंह को चयनित घोषित किया गया। राज्य उपभोक्ता आयोग के न्यायिक सदस्य के 1 पद के लिये 14 आवेदकों ने आवेदन किया, 5 परीक्षा में बैठे तथा सर्वाधिक 134 अंक प्राप्त करके मुकेश कुमार सिंघल चयनित घोषित हुये। जिला आयोग के अध्यक्षों के 3 पदों के लिये 46 आवेदकों ने आवेदन किया, जिसमें से 30 परीक्षा में शामिल हुये तथा सर्वाधिक 164 अंक प्राप्त करके पुष्पेन्द्र खरे, 163 अंक प्राप्त करके गगन कुमार गुप्ता तथा 160 अंक प्राप्त करके राजीव कुमार खरे चयनित घोषित किये गये। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्यों के 7 पदों के लिये 386 आवेदकों ने आवेदन किया, 203 परीक्षा में बैठे तथा सर्वाधिक अंक 166 प्राप्त करने वाले भूपेन्द्र सिंह को सदस्य, देहरादून, 165 अंक प्राप्त करने वाले अमरेश रावत को सदस्य, हरिद्वार, 160 अंक प्राप्त करने वाले राकेश सिंह नेगी को सदस्य, टिहरी, 157 अंक प्राप्त करने वाले रंजना गोयल को सदस्य (महिला) हरिद्वार, 156 अंक प्राप्त करने वाले रबिन्द्र सिंह, सदस्य पिथौरागढ़, 149 अंक प्राप्त करने वाली डा0 मनीला को सदस्य (महिला) उधमसिंह नगर तथा 145 अंक प्राप्त करने वाली रंजना को सदस्य (महिला) उत्तरकाशी को आपबन्धिक श्रेष्ठता सूची में चयनित घोषित किया गया है।

नोट लिखकर कमरे से लापता हुआ बीए का छात्र

हल्द्वानी। हल्द्वानी में बीए का छात्र अपनी दीदी के बैग से पैसे और भाई का हेडफोन लेकर कही चला गया। घर पर युवक ने एक नोट भी छोड़ा है। जिसमें युवक घर छोड़ने की बात कह रहा है। मामला हल्द्वानी के दुर्गा कॉलोनी का है। जहां किराये में रहकर बीए की पढ़ाई कर रहा खुशाल बिष्ट अपने कमरे से लापता हो गया। जानकारी के अनुसार छात्र अपने भाई-बहन के साथ रहता था। मूल रूप से तीनों ओखलकांडा के रहने वाले हैं। खुशाल की बहन रेनू बिष्ट ने बताया की वो और उसका भाई सूरज सोमवार रात को घर से बाहर गए थे। इस दौरान उनका छोटा भाई खुशाल कमरे में ही था। रेनू ने बताया जब वो और सूरज वापस लौटे तो खुशाल कमरे में मौजूद नहीं था। इस दौरान उन्हें कमरे में खुशाल का लिखा एक नोट मिला। जिसमे लिखा था कि उसका यहां मन नहीं लग रहा है। दीदी के बैग से 2500 रुपये लिए हैं और भाई का हेडफोन ले जा रहा हूं। मुझे ढूंढने की कोशिश मत करना। बता दें खुशाल एमबीपीजी कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष का छात्र है।

प्रदेश के 186 गांवों को जड़ी बूटी के नाम से चिन्हित किया

देहरादून। प्रदेश सरकार ने आयुर्वेद चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के 186 गांवों को अलग-अलग जड़ी-बूटी के नाम चिन्हित किया है। आयुर्वेद विभाग की ओर से इन गांवों में रहने वाले लोगों को संबंधित जड़ी-बूटी के पौधे वितरित किए गए। विभाग ने उक्त गांवों की रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेज दी है। रुद्रप्रयाग में पांच, टिहरी में 24, ऊधमसिंह नगर में 10 व उत्तरकाशी में 13 गांवों को जड़ी बूटी ग्राम के रूप में चिन्हित किया गया। विभाग की इस पहल से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही आयुर्वेद जड़ी बूटी को लेकर लोग जागरूक होंगे। उन्होंने बताया कि आगामी माह से प्रदेश में 3900 स्कूलों में आयुर्विद्या कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। जिसमें आयुर्वेद डॉक्टर स्कूलों में जाकर बच्चों को जागरूक करेंगे। प्रदेश में 13 गांवों को आयुष ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। इन गांवों में आयुर्वेद, योग, होम्योपैथी के नियमित शिविर लगाए जाएंगे।

राज्यपाल ने ली राज्य विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक

विश्वविद्यालयों से संबद्ध महाविद्यालयों और संस्थानों के औचक निरीक्षण करें कुलपतिः राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को विश्वविद्यालयों से संबद्ध महाविद्यालयों और संस्थानों के औचक निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने कहा कि कॉलेजों में विद्यार्थियों की सुविधाओं और उनके सर्वांगीण विकास में कोई कोर कसर न रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था विद्यार्थी केन्द्रित होनी चाहिए और छात्रों का सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार ही हमारा ध्येय वाक्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने क्रियाकलापों में टेक्नोलॉजी का अधिकाधिक उपयोग करते हुए ई-कल्चर लाने का प्रयास करें। राज्यपाल ने बुधवार को राजभवन में समस्त राज्य विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कुलपतियों के अलावा शासन के उच्चाधिकारी मौजूद रहे। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को बेस्ट प्रैक्टिसेज को साझा करने, एक-दूसरे से समन्वय हेतु एमओयू करने और उनका प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सभी कुलपतियों द्वारा ''वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च'' पर किए जा रहे

लघु शोध प्रबन्ध पर अद्यतन प्रगति के बारे में अवगत कराया। गौरतलब है कि राज्यपाल द्वारा सभी विश्वविद्यालय को राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास हेतु एक वर्ष तक अपने गहन शोध के माध्यम से लघु शोध प्रबन्ध प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। विश्वविद्यालयों द्वारा अपनी विशेषज्ञता के अनुसार अपने शोध के विषय का चयन किया गया है जिसकी रिपोर्ट जनवरी 2025 तक प्रस्तुत की जानी है। राज्यपाल ने कहा कि यह शोध प्रबन्ध राज्य के आर्थिक व सामाजिक विकास में लाभप्रद होगा और इस पर गंभीरता से कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि शोध प्रबन्ध तैयार होने के उपरांत उसका प्रस्तुतीकरण मुख्यमंत्री, संबंधित विभाग के मंत्री, मुख्य सचिव एवं संबंधित विभाग के सचिव के समक्ष किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कुलपतियों को निर्देश दिए कि राजभवन को प्राप्त अस्थायी सम्बद्धता प्रस्तावों पर विसंगतियों के संबंध में विश्वविद्यालय का अभिमत नितांत जरूरी है इस पर संबंधित विश्वविद्यालय अपने स्पष्ट अभिमत के साथ प्रकरणों को अग्रसारित करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सम्बद्धता के उन्हीं प्रकरणों को राजभवन प्रेषित करें जो मानको में पूर्ण हों। इस बैठक में तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा सभी राज्य विश्वविद्यालयों के लिए तैयार किए जा रहे डैशबोर्ड के संबंध में भी प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने बताया कि एक कॉमन डैशबोर्ड तैयार किया जा रहा है जिसमें सभी विश्व विद्यालयों के पास अपनी आधारभूत सुविधाओं, प्रवेश, एमओयू, बेस्ट प्रैक्टिसेज, कार्यक्रमों, विषय-विशेषज्ञों, सूचनाओं, शोध और विकास को आपस में और राजभवन के साथ ऑनलाइन माध्यम से जुड़ने की सुविधा होगी। पूर्व में यह मोबाइल एप के रूप में उपलब्ध था जिसे अतिरिक्त सुविधाओं को जोड़ते हुए डैशबोर्ड के रूप में तैयार किया जा रहा है। बैठक में कुलपतियों ने विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित उपलब्धियों और नवाचारों के बारे में अवगत कराया। बैठक में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, सचिव डॉ. पंकज पाण्डेय, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, सुरेन्द्र नारायण पाण्डे, दीपक कुमार, अपर सचिव डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव, नमामी बंसल, कुलपति उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय डॉ. ओ.पी.एस नेगी, कुलपति श्रीदेव सुमन विश्व विद्यालय प्रो. एन के. जोशी, कुलपति जी.बी.पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्व विद्यालय डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, कुलपति तकनीकी विश्व विद्यालय प्रो. ओंकार सिंह, कुलपति आयुर्वेद विश्व विद्यालय प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी, कुलपति उत्तराखण्ड संस्कृत विश्व विद्यालय प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री, कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रो. दीवान एस रावत, कुलपति दून विश्व विद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, कुलपति औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय डॉ. परविंदर कौशल और कुलपति सोबन सिंह जीना विश्व विद्यालय प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

वरुणावत पर्वत से भूस्खलन, एनडीआरएफ तैनात

उत्तरकाशी। जिला मुख्यालय व आसपास के क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा के बाद रात करीब पौने दो बजे वरुणावत की तलहटी गोफियारा जल संस्थान कालोनी व स्टोर के निकट के पहाड़ी से भूस्खलन होने से काफी मात्रा में पत्थर व मलबा गिरा है। जिससे इलाके में हड़कंप मच गाय। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग व गोफियारा कालोनी में सड़कों पर खड़े कई वाहन मलबे में दब गए हैं। वाहन स्थानीय लोगों के बताए जा रहे हैं। फिलहाल जनहानि की सूचना नहीं है। भटवाड़ी रोड व गोफियारा जलसंस्थान कालोनी के निकट रहने वाले एक दर्जन से अधिक परिवारों को काली कमली धर्मशाला में शिफ्ट किया गया है। जिलाधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट एवं अन्य अधिकारी, जनपद आपातकालीन परिचालन केंद्र से स्थिति पर नजर रख रहे हैं।जिलाधिकारी ने बताया कि भूस्खलन से प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। एसडीआएफ व प्रशासन की टीम गोफियारा क्षेत्र में मौजूद है।जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। साथ ही किसी भी संभावित स्थिति से निपटने की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक कहीं से जन हानि की सूचना नहीं है। नगर क्षेत्र में गोफियारा नाले के निकट तथा अन्य जगहों पर सड़कों पर जमा मलबे को हटाया जा रहा है। रात तीन बजे जिलाधिकारी बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला मुख्यालय क्षेत्र के गोफियारा में अत्यधिक वर्षा होने के कारण भूस्खलन हुआ है। प्रभावित क्षेत्र से कुछ लोगों को धर्मशाला में शिफ्ट किया गया है। सड़क किनारे खड़े कुछ वाहन में दब गए हैं, मलबा हटाने का कार्य निरंतर जारी है। स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने भी मौके पर पंहुचकर लोगों से अलर्ट रहते हुए सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की। बताया कि उत्तरकाशी से तेखला की ओर ट्रैफिक को जीरो जोन किया गया है, यातायात को मनेरा बाईपास की ओर से डायवर्ट किया गया है। पुलिस टीमें लगातार पेट्रोलिंग कर रही हैं।

बच्ची का पीछा करने वाला युवक गिरफ्तार

नैनीताल। हल्द्वानी कोतवाली थाना क्षेत्र में अश्लील हरकत कर मासूम बच्ची के पीछे दौड़ने वाले आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने पॉक्सो में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में 250 सीसीटीवी खंगाल चुकी है। कोतवाली हल्द्वानी क्षेत्र निवासी कक्षा दो की छात्रा रविवार दोपहर करीब दो बजे घर से सामान खरीदने से निकली थी। सामान लेकर घर लौटने के दौरान एक मनचले युवक ने मासूम का पीछा शुरू कर दिया। युवक जैसे ही मुख्य मार्ग से गली में पहुंचा तो वह अश्लील हरकत करने लगा। बच्ची उसे देख घबरा गई और दौड़कर घर के अंदर घुस गई। रात करीब नौ बजे बच्ची के पिता कोतवाली पुलिस के पास पहुंचे और मौखिक शिकायत की। रविवार सुबह तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने पॉक्सो में मुकदमा दर्ज कर लिया। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो में मुकदमा दर्ज कर लिया है। चार टीमों को लगाया गया है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हल्द्वानी के मुखानी थाना क्षेत्र में शनिवार को युवती से हुई छेड़छाड़ के मामले में एसएसपी ने सीओ को जांच करने के निर्देश दिए हैं। मामले में पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आई तो कार्रवाई तय है। शनिवार को कमलुवागांजा से हल्द्वानी आ रही स्कूटी सवार युवती से बाइकसवार शोहदे ने छेड़छाड़ की थी। युवती आरोपी से बचने के लिए कुसुमखेड़ा तिराहे पर तैनात पुलिस, आईआरबी और ट्रैफिक कर्मियों के पास पहुंची। युवती ने रोते हुए आरोपी की करतूत बताई और अपने घरवालों को बुलवाया। युवती ने पुलिसकर्मियों को बाइक का नंबर भी दिया लेकिन मौके पर तैनात कर्मियों ने आरोपी को पकड़ने में सक्रियता नहीं दिखाई। सीओ नितिन लोहनी तक मामला जाने पर रात में आरोपी पकड़ा गया। खबर प्रकाशित होने के बाद एसएसपी ने इसका संज्ञान लिया। उन्होंने सीओ को जांच के आदेश दिए हैं। सीओ नितिन लोहनी ने जांच शुरू कर दी है। कहा कि जांच में पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आई तो उन पर कार्रवाई तय है।

ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया खेल दिवस

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। मेजर ध्यानचंद की जन्मतिथि पर भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस पर ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल शक्तिफार्म में विद्यालय के बच्चो के द्वारा मेजर ध्यानचंद की चित्रकारी की गई व ओलपिक गेम्स पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता अयोजित की गई। बालक,बालिकाओं द्वारा बास्केटबॉल व कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक नवीन जोशी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोई भी सफलता आपकी कोशिश द्वारा परिभाषित है। अगर आप पूर्णतया प्रयास करते हैं तो आप विजेता हैं। निरंतर अभ्यास करने से सफलता अवश्य मिलती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सदानंद विश्वास एकेडमिक डायरेक्टर प्रदीप सिंह रौतेला,उपप्रधानाचार्य दीपक गुरुरानी , प्रकाश सिंह बोरा , प्रदीप कुमार, राजकुमार जी, भगवान चंद पंत,अरविंद कुमार ,विक्रम सिंह,निशा मौर्य,तारी जोशी सहित समस्त विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को खेल दिवस की बधाइयां दीं।

मांगों को लेकर राज्य आंदोलनकारियों ने दिया धरना

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।यहां गांधी पार्क में धरना देते हुए राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि गैरसैंण राजधानी ही अब पहाड़ के विकास का एकमात्र विकल्प है इसलिए दलगत राजनीति से उपर उठकर सभी को एक मंच पर आकर यह लड़ाई लड़नी होगी। पहाड़ के अस्तित्व को बचाने के लिए जहां एक सशक्त भू कानून की आवश्यकता है वहीं विगत सरकारों द्वारा भूमि की खरीद फरोख्त के लिए खुली छूट दिये जाने वालों कानून अविलंब समाप्त किए जाय। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के त्याग और बलिदान को देखते हुए उन्हें एक सम्मानजनक पैंशन कम से कम 20हजार दी जाय,बंचित राज्य आंदोलनकारियों का चिन्हीकरण शीघ्र किया जाय तथा घोषणा के अनुरूप आश्रितों को पैंशन दी जाय। राज्य आंदोलनकारियों ने राज्य की राजधानी जिला मुख्यालयों में निशुल्क रात्रि विश्राम की व्यवस्था,सभाकक्ष, कार्यालय कक्ष उपलब्ध कराने की भी मांग की है आज यहां से ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तराखंड को भेजते हुए एक प्रति जिलाधिकारी अल्मोड़ा को भी प्रेसित की गयी है। आज धरने में ब्रह्मानन्द डालाकोटी, शिवराज बनौला, दौलत सिंह बगड्वाल, गोपाल बनौला, देवनाथ गोस्वामी,रवीन्द्र विष्ट, हयात रावत, पानसिंह, महेश पांडे,तारा दत्त भट्ट, नारायण राम, सुंदर सिंह गोपाल गैड़ा, पूरन सिंह,बिशंभर पेटशाली,लक्ष्मण सिंह,तारा देवी,देवकी देवी, सहित काफी संख्या में राज्य आंदोलनकारी सम्मिलित हुए।

पशुगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जनपद ऊधम सिंह नगर में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में 21वीं पशुगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। प्रशिक्षण में विकासखण्ड खटीमा, सितारगंज तथा रूद्रपुर के 74 प्रगणकों व 9 पर्यवेक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा सभी प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को 1 सितम्बर से 31 दिसम्बर 2024 तक होने वाली पशुगणना में योजनाबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। जनपद के नोडल अधिकारी/उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा केके जोशी द्वारा प्रशिक्षाणर्थीयों को डिजिटल माध्यम से पशुगणना का सैद्धान्तिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

एसएम स्कूल में गणित की कार्यशाला आयोजित

सितारगंज (उद संवाददाता)। सीबीएसई बोर्ड की तरफ से एसएम पब्लिक स्कूल में दो दिन की गणित कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें जिले से सभी सीबीएसई स्कूलों के लगभग 60 शिक्षकों ने नवीन पद्धति से गणित पढ़ने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। एसएम पब्लिक स्कूल में चल रहे दो दिवसीय गणित विषय हेतु कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम (निर्माण क्षमता कार्यक्रम) का सफल समापन हो गया। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन (संसाधन व्यक्ति) डॉ बृजेश कुमार दुबे रहे। वही कार्यक्रम के सफल आयोजन के बाद विद्यालय प्रबंधक भुवन चंद्र भट्ट, प्रधानाचार्य डॉक्टर मनिंदर सिंह गुलाटी ने सभी आगंतुक प्रशिक्षकों को इस कार्यक्रम से सीख लेकर अपने-अपने विद्यालयों में कार्य योजना को लागू करते हुए विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास में सहायक बनने के लिए आहवान किया।

कालेज के छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

किच्छा(उद संवाददाता)।राजकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ नरेश कुमार ने महाविद्यालय के सभी कर्मीयों व छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु शपथ दिलाई।यह शपथ कार्यक्रम प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में 10 अप्रैल 2024 को एक साथ आयोजित कराए जाने का शासनादेश था ।शपथ लेने के उपरांत प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित किया और कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र में भाग्य विधाता होता है इसलिए सभी बढ़-कर कर चुनाव में भागीदारी करें। कार्यक्रम में कुल 53 छात्र-छात्राओं ने शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ उमराव सिंह ने किया साथ में शपथ लेने वालों में डॉ हर्षिता तिवारी, डॉ किरन बाला, श्री सुभम गंगवार, श्री आनन्द सिंह व श्री गौतम जी भी और रोशनी, अंकित, महेंद्र, शिवानी उपस्थित रहे।

शिविर में 100 से अधिक मरीजों की आंखों का किया गया परीक्षण

गदरपुर (उद संवाददाता)।प्रभु नेत्र चिकित्सालय रुद्रपुर की टीम ने अंकित गुप्ता के नेतृत्व में लगभग 100 से अधिक मरीजों की आंखों का नि:शुल्क परीक्षण कर जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवा का वितरण भी किया। अन्य गंभीर मरीजों को ऑपरेशन की भी सलाह दी। शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी डा. आर के महाजन ने फीता कटकर किया। इस अवसर पर डा महाजन ने परीक्षण कर रही टीम का अभार व्यक्त किया तथा अस्पताल प्रबंधन से अपेक्षा की कि गंभीर मरीजों के ऑपरेशन तथा दवाओं में काम से काम 50% की छूट भी दी जाए, तभी आम जनता को से शिविरो का लाभ मिल सकेगा।इस अवसर पर अमित ढींगरा, हरचरण चन्ना,अमरीक सिंह,चिंतन अरोरा, सागर कश्यप राजकुमार नैय्यर सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विक्रम सरकार काली नगर दुर्गा पूजा कमेटी के बने अध्यक्ष

दिनेशपुर(उद संवाददाता)।दिनेशपुर के काली नगर दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी की बैठक में शारदीय नवरात्र पर होने वाली दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए विक्रम सरकार को दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बृहस्पतिवार को काली नगर दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में वरिष्ठ संरक्षक नारायण चंद्र शाह की अध्यक्षता में उत्सव कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार मिस्त्री ने वर्ष 23-24 की आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत कर कार्यकारिणी को भंग कर दिया। दो अक्टूबर से होने वाली पूजा महोत्सव के लिए सभी संरक्षक मंडली की मौजूदगी में विक्रम सरकार को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा उपाध्यक्ष दयाल मंडल, महासचिव हरिचंद मंडल, उपसचिव मुकेश मिस्त्री, कोषाध्यक्ष तुलसी सरकार को मनोनीत किया गया । सुभाष साना ने सभी पदाधिकारी को माल्यार्पण कर स्वागत किया।

पेज एक का शेष...

दोस्तों ने लेन देन के ..शंशाक डोभाल व दूसरे साथी दीपक यादव के साथ उक्त कार मे बैठकर खड़कपुर की तरफ चले गये। खड़कपुर रेलवे फाटक से आगे शमसान घाट के पास खाली प्लॉट मे जाकर तीनो ने मिलकर स्मैक का नशा किया। इसी बीच शिखर सक्सेना द्वारा शंशाक डोभाल से अपने उधार के पैसे माँगे जिसे लेकर दोनो मे विवाद हो गया जिस पर शिखर सक्सैना व दीपक यादव ने शंशाक डोबाल को नीचे खाली प्लॉट जिसमे पानी भरा हुआ था मे धक्का दे दिया ।शंशाक अत्यधिक नशे मे होने के कारण वहां से निकल नही पाया और पेट मे पानी जाने से उसकी मुत्यु हो गई। उसका मोबाईल शिखर सक्सैना ने अपने पास रख लिया और मृतक शंशाक को वहीं छोडकर दोनो घर जाने के लिए अपनी कार को मोडने लगे तो कार का अगला टायर कीचड में फंस गया। काफी देर तक कार को कीचड से निकालने की कोशिश की परन्तु कार का टायर कीचड मे फंसने के कारण नही निकल पाया जिस कारण अपनी कार को वहीं पर छोडकर वहाँ से पैदल घर को चले गये। घर को जाते समय शिखर सक्सैना ने मृतक शंशाक डोभाल का मोबाईल शमशान घाट के पास छिपा दिया। अभियुक्त शिखर सक्सैना की निशाहदेही पर खडकपुर देवीपुरा शमशान घाट के पास से मृतक शंशाक डोभाल का मोबाईल फोन बरामद किया गया। खुलासा करने वाली टीम में निरीक्षक प्रवीण सिह कोश्यारी , उपनिरीक्षक प्रकाश सिह बिष्ट, कांस्टेबल नीरज शुक्ला , अनुज त्यागी आदि शामिल थे।

कैंटर और कार की ...मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। कुछ ही देर में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटाकर यातायात सुचारू करवाया और वहां मौजूद लोगों से घटना की विस्तार से जानकारी ली। पुलिस ने घटना में मामूली रूप से घायल हुए केंटर चालक नवीन को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया है। जो घटना के समय नशे में होना बताया जा रहा है। उधर कार चालक की हालत चिंताजनक बताई जा रही हैं।

वृजभूषण को राहत...अध्यक्ष और भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें दिल्ली पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को रद करने का निर्देश देने की मांग की गई है।एफआईआर छह महिला पहलवानों की शिकायतों पर आधारित है, जिन्होंने उन पर यौन उत्पीड़न और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। दिल्ली पुलिस सिंह की याचिका की स्वीकार्यता को चुनौती दे रही है।

सिडकुल में ट्राले...की सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और घायल विनोद को उपचार के लिए चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्राला चालक को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया। बताया जाता है कि मृतक विनोद का तीन वर्ष का पुत्र है और उसकी पत्नी वर्तमान में गर्भवती है।

शिकायत करने जाते...देंगे। जिसकी शिकायत कोतवाली देने आ रहा था और कोतवाली के बाहर गाडी पार्क करके उतर ही रहा था कि उपरोक्त सभी लोग और साथ में अज्ञात 8 से 10 लोगो ने उस परऔर उसर्के साथी अमित यादव पर हमला कर दिया। जिससे दोनो को बहुत गम्भीर चोटे आई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महाराणा प्रताप चौक...ने कहा कि व्यापारियों का एक शिष्ट मंडल मिलने आया था तथा उनके द्वारा उक्त स्थान पर कूड़ा न डालने की मांग की गई है जिस पर उनके द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया कि आम नागरिकों की राय लेते हुए कूड़ा डंपिंग करने के लिए स्थान का चयन किया जाएगा ।

पत्रकार की बाईक चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। शहर के व्यवस्तम मार्ग से बीती शाम एक पत्रकार की अज्ञात चोर बाईक चोरी कर ले गये। कटोराताल चौकी पुलिस को दी तहरीर में रामनगर रोड सूरज मेडिकल वाली गली निवासी नवीन अरोरा पुत्र स्व. केवल कृष्ण ने बताया कि बीते कल 28 अगस्त की सांय वह अपनी बाईक संख्या यूए06एच 6637 से माता मंदिर रोड पर पंजाबी सभा के पास अपने निजि काम से आये थे। करीब 6 बजे जब घर से वापस आये तो उक्त स्थान से उनकी बाईक नदारद थी जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। पुलिस तहरीर के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है।

युवक का आईफोन ले भागे लुटेरे

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शहर में बाइक सवार युवकों द्वारा एक युवक को आई फोन लूटने का मामला सामने आया है। युवक ने पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर आई फोन वापस दिलाने की मांग की है। राजेंद्र नगर राजपुरा निवासी कुनाल पुत्र कैलाश आर्या ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बीती रात अपने दोस्त के साथ मुखानी की ओर आ रहा था। जब वह केवीएम स्कूल के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार तीन युवकों ने उसे रोक लियया और गाली गलौज करने लगे। इसी दौरान वह धक्का देकर उसका आई फोन लूट कर फरार हो गए।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व० तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

नये स्मार्ट औद्योगिक शहरों की श्रृंखला स्थापित करेगा भारत

केंद्र सरकार ने (एनआईसीडीपी) के तहत 28,602 करोड़ के अनुमानित निवेश के साथ 12 नये परियोजना प्रस्तावों को दी मंजूरी

नई दिल्ली/ देहरादून(उद संवाददाता)। भारत जल्द ही औद्योगिक स्मार्ट शहरों की एक भव्य श्रृंखला स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने एक ऐतिहासिक निर्णय में राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत 28,602 करोड़ के अनुमानित निवेश के साथ 12 नये परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। जिससे औद्योगिक नोड्स और शहरों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार होगा जो आर्थिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा। 10 राज्यों में फैले और रणनीतिक रूप से नियोजित 6 प्रमुख गलियारों के साथ ये परियोजनाएं भारत की विनिर्माण क्षमताओं और आर्थिक विकास को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाएंगी। ये औद्योगिक क्षेत्र उत्तराखण्ड में खुरपिया, पंजाब में राजपुरा-पटियाला, महाराष्ट्र में दिघी, केरल में पलक्कड़, उत्तर प्रदेश में आगरा और प्रयागराज, बिहार में गया, तेलंगाना में जहीराबाद, आंध्र प्रदेश में ओरवाकल और कोप्पर्थी और राजस्थान में जोधपुर-पाली में स्थित हैं। एनआईसीडीपी को बड़े एंकर उद्योगों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) दोनों से निवेश की सुविधा प्रदान करके एक जीवंत औद्योगिक इको सिस्ष्टम को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। ये औद्योगिक नोड 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर निर्यात प्राप्त करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेंगे। जो सरकार के आत्मनिर्भर और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी भारत के विजन को दर्शाता है। नये औद्योगिक शहरों को वैश्विक मानकों के ग्रीनफील्ड स्मार्ट शहरों के रूप में विकसित किया जाएगा। जिन्हें प्लग-एन-प्ले और वॉक-टू-वर्क अवधारणाओं पर मांग से पहले बनाया जाएगा। यह दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि शहर उन्नत बुनियादी ढांचे से लैस हों। जो टिकाऊ और कुशल औद्योगिक कार्यों का समर्थन करते हैं। पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप परियोजनाओं में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचा होगा। जो लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करेगा। औद्योगिक शहरों को पूरे क्षेत्र के परिवर्तन के लिए विकास केंद्र बनाने की परिकल्पना की गई है। इन परियोजनाओं की मंजूरी शविकसित भारतश-एक विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक कदम है। वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) में भारत को एक मजबूत प्रतिस्ष्पर्धी के रूप में स्थापित करके एनआईसीडीपी आवंटन के लिए तत्काल उपलब्ध्ध उन्नत विकसित भूमि प्रदान करेगा। जिससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए भारत में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करना आसान हो जाएगा। यह शआत्मनिर्भर भारतश या स्ष्वावलंबी भारत बनाने के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप है। जो बढ़े हुए औद्योगिक उत्पादन और रोजगार के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। एनआईसीडीपी से महत्वपूर्ण रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। जिसमें अनुमानित 1 मिलियन प्रत्यक्ष नौकरियां और नियोजित औद्योगीकरण के माध्यम से 3 मिलियन तक अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी। इससे न केवल आजीविका के अवसर उपलब्ध होंगे, बल्कि उन क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में भी योगदान मिलेगा। एनआईसीडीपी के तहत परियोजनाओं को स्ष्थायित्ष्व पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार किया गया है। जिसमें पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए आईसीटी-सक्षम उपयोगिताओं और हरित प्रौद्योगिकियों को शामिल किया गया है। गुणवत्तापूर्ण, विश्वसनीय और टिकाऊ बुनियादी ढांचा प्रदान करके सरकार का लक्ष्य ऐसे औद्योगिक शहर बनाना है जो न केवल आर्थिक गतिविधि के केंद्र हों, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के मॉडल भी हों। एनआईसीडीपी के तहत 12 नए औद्योगिक नोड्स की स्वीकृति भारत की वैश्विक विनिर्माण शक्ति बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एकीकृत विकास, टिकाऊ बुनियादी ढ़ांचे और निर्बाध कनेक्टिविटी पर रणनीतिक ध्यान देने के साथ ये परियोजनाएं भारत के औद्योगिक परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने और आने वाले वर्षों में देश की आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए तैयार हैं। इन नई मंजूरियों के अलावा एनआईसीडीपी ने पहले ही चार परियोजनाओं को पूरा होते देखा है। चार अन्य वर्तमान में कार्यान्वयन के अधीन हैं। यह निरंतर प्रगति भारत के औद्योगिक क्षेत्र को बदलने और एक जीवंत, टिकाऊ और समावेशी आर्थिक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम में शामिल हुआ उत्तराखंड का खुरपिया फार्म

देहरादून(उद संवाददाता)। भारत सरकार के राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत ऊधमसिंह नगर जनपद में स्थित खुरपिया फार्म को स्मार्ट औद्योगिक शहर के रूप में विकसित



किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी इसके लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से इस संबंध में विशेष अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री का कहना था कि इस परियोजना के माध्यम से उत्तराखण्ड में 15 हजार करोड़ का निवेश संभावित है और करीब 50 हजार से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आज एनआईसीडीपी के तहत 28,602 करोड़ के अनुमानित निवेश के साथ 12 नए परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से देश में औद्योगिक नोड्स और शहरों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार होगा जो आर्थिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा। उत्तराखण्ड में ऊधमसिंह नगर के खुरपिया फार्म को इस औद्योगिक क्षेत्र के लिए चिन्हित किया गया है। खुरपिया फार्म में भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से 1002 एकड़ भूमि पर 1265 करोड़ की लागत से स्मार्ट औद्योगिक शहर विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री धामी के विशेष प्रयासों से परियोजना की स्थापना और संचालन के लिए सभी आवश्यक औपचारि कताएं पूरी कर ली गई हैं।

खुरपिया फार्म के औद्योगिक क्षेत्र में निवेश करने की घोषणा को लेकर नगर के व्यापारियों ने जताई खुशी

किच्छा(उद संवाददाता)। खुरपिया को स्मार्ट औद्योगिक शहर के रूप में विकसित करने की घोषणा को लेकर नगर के व्यापारियों,राजनीतिक, सामाजिक

संगठनों ने खुशी का इजहार करते हुए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की पहल का स्वागत किया है।1002 एकड़ में बनने वाले औद्योगिक में ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण व फैब्रिकेशन उद्योगों में 6180 करोड़ के निवेश की संभावना है। इससे 75 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। वर्तमान विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा है कि किच्छा के खुरपियां क्षेत्र में सरकार द्वारा निवेश को लेकर रोजगार के रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी के बाद पहली बार प्रदेश को इंडस्ट्रीज पार्क मिला है इसके लिए केंद्र की सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राज्य सरकार के मुखिया पुष्कर सिंह धामी आभार व्यक्त करते हैं। निवर्तमान पालिकाध्यक्ष दर्शन कोली ने कहा कि यह क्षेत्र एयर, रेल व रोड कनेक्टिविटी से जुड़ा होने से निवेशकों को आसानी होगी। खुरपिया में नया औद्योगिक क्षेत्र बनने से पंतनगर, रुद्रपुर व काशीपुर के औद्योगिक क्षेत्र में लगे उद्योगों को भी फायदा होगा। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों,व्यापारियों , जिनमें विजयपाल यादव ,गुलशन सिंधी, विजय अरोड़ा, राजकुमार बजाज, नितिन फुटेला, डॉ एके गुप्ता, सतपाल गाबा, संजीव खन्ना का मानना है कि इससे क्षेत्र के विकास को पंख लगेंगे तथा रोजगार के संसाधन भी विकसित होंगे। राज्य में स्थापित होने वाली औद्योगिक स्मार्ट सिटी विनिर्माण क्षमता व आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। इससे प्रदेश में निवेश में वृद्धि होगी, वहीं बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।किच्छा में औद्योगिक स्मार्ट सिटी का बड़ा निर्णय है। स्मार्ट सिटी को लेकर खुरपिया फार्म में स्थित जमीन सिडकुल को हस्तांतरित हो चुकी है।

सांसद अजय भट्ट ने किच्छा को इंडस्ट्रीयल स्मार्ट सिटी की सौगात देने पर जताया आभार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता की केंद्रीय कैबिनेट में हुई बैठक में देश के विभिन्न राज्यों के 12 शहरों में 28602 करोड़ की लागत से औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनाने का निर्णय लिया है जिसमें उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के खुरपिया फॉर्म को इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी की सौगात मिली है। पूर्व केंद्रीय मंत्री भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार जताया है, सांसद भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड में उधम सिंह नगर के खुरपिया में इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी की सौगात से प्रदेश में विनिर्माण क्षमता और आर्थिक विकास में वृद्धि होगी और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी मिलेंगे उन्होंने पुन: प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया है।